

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 22 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष -42 ■ अंक-024 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## पहलगाम बरसी पर गरजे पीएम मोदी आतंकवाद को नहीं बख्शेगा भारत

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पहली बरसी पर जान गंवाने वालों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भावुक संदेश शेयर करते हुए कहा कि इस हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद को लेकर स्पष्ट संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ नहीं झुकेगा, आतंकियों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। प्रधानमंत्री ने लिखा, "पिछले साल आज ही के दिन पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद कर रहा हूं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जो इस अपूरणीय क्षति का सामना कर रहे हैं। एक राष्ट्र के तौर पर, हम दुख और संकल्प में एकजुट हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।" वहीं, भारतीय सेना की ओर से भी आतंकियों और उनके सरपरस्तों को खुला संदेश दिया गया है कि अगर भारत के खिलाफ ऐसे घिनौने कदम उठाओगे तो उसका जवाब मिलना तय है। भारतीय सेना की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की गई है। इसमें लिखा है-"भारत के ख़िलाफ़ किए गए कृत्यों का जवाब मिलना तय है। न्याय ज़रूर मिलेगा। हमेशा।" इस संदेश के साथ ही सेना ने ऑपरेशन महादेव से जुड़ा एक ग्राफिक्स शेयर किया है जिसमें यह जानकारी दी गई है कि कैसे पहलगाम के कातिलों को जहन्नुम का रास्ता दिखाया गया। ऑपरेशन महादेव में सेना ने पहलगाम में हमला करने वाले आतंकियों को मार गिराया था। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल बड़ा आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने बैसरन घाटी में पर्यटकों को निशाना बनाया था। यहां धर्म पूछ-पूछकर लोगों को गोली मार दी गई थी। इस हमने में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को तबाह कर दिया था।



## खुल गए बाबा केदारनाथ के कपाट,हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा



नई दिल्ली,22 अप्रैल। आखिर वो पल आ ही गया जिसका भक्तों को इंतजार था। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह ठीक 8 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खोल दिए गए और इसी के साथ यात्रा की आधिकारिक शुरुआत हो गई। सुबह 4 बजे से ही पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए थे। पंचमुखी डोली को पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर परिसर में लाया गया और तय समय पर जैसे ही कपाट खुले, माहौल "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा। इस खास मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे और हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। सबसे खास नजारा तब देखने को मिला जब हेलीकॉप्टर से मंदिर पर फूलों की बारिश की गई.

### करोड़ों का कर्ज,विराट कोहली के रेस्टोरेंट पर लगा ताला

**मुंबई,22 अप्रैल।**भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली के रेस्टोरेंट वन8 कम्यून पर ताला लग गया है। बेंगलुरु के वन8 कम्यून रेस्टोरेंट पर 2 करोड़ से ज्यादा का बकाया किराया था। मामला सिविल कोर्ट में पहुंच गया था। इसके बाद कोर्ट ने वन8 कम्यून रेस्टोरेंट को बंद करने का आदेश जारी किया। नियम उल्लंघन और घटती भीड़ के चलते बिजनेस पहले से ही नुकसान में था। हालांकि विराट कोहली ने इस आउटलेट से अपना नाम और जुड़ाव खत्म कर लिया है। भारतीय क्रिकेट स्टार ने न सिर्फ अपनी साझेदारी खत्म की, बल्कि अपने ब्रांड 'One8' का नाम भी इस आउटलेट से हटा लिया है। रेस्टोरेंट का संचालन ट्रायो हिल्स हॉस्पिटैलिटी कर रही थी, जिसने करीब 6 महीने से किराया नहीं चुकाया था। इसके अलावा मेंटेनेंस चार्ज और रेवेन्यू शेयर भी बकाया थे। लगातार नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं होने पर बिल्डिंग मालिक को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा, जिसके बाद कोर्ट ने रेस्टोरेंट को बंद करने का आदेश दिया। ब्रांड वैल्यू गिरने और ग्राहकों की संख्या कम होने से बिजनेस पर भी असर पड़ा, जिससे नुकसान लगातार बढ़ता गया। फिलहाल कोर्ट के निर्देश के अनुसार, जब तक सभी बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, रेस्टोरेंट बंद ही रहेगा। यह आउटलेट पहले भी नियमों के उल्लंघन को लेकर विवादों में रहा था। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने फायर सेफ्टी और अन्य नियमों को लेकर कई बार नोटिस जारी किए थे। सूत्रों के अनुसार, इन्हीं मुद्दों और बार-बार की शिकायतों के चलते कोहली ने खुद को इस प्रोजेक्ट से दूर कर लिया।

### बयान पर खड़गे माफी मांगे: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 22 अप्रैल.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रयुक्त अपमानजनक शब्दों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी न केवल स्तरहीन, अपमानजनक, अमर्यादित और अशिष्ट है, बल्कि यह देश के उन करोड़ों नागरिकों का भी सीधा अपमान है, जो प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपना आदर्श मानते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग निंदनीय है और यह स्वस्थ राजनीतिक संवाद की मर्यादाओं को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की गरिमा पर गहरा आघात बताते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं और इनकी जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह बौखलाहट उसके राजनीतिक पतन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि वे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा देश की जनता से बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह बयान कांग्रेस की सोच और उसके पतन को दर्शाती है, जहाँ मुद्दों की जगह व्यक्तिगत आक्षेप और अमर्यादित भाषा ने ले ली है।



## ट्रंप ने अमेरिका-ईरान युद्ध पर सीजफायर बढ़ाया

### इधर तेरहान ने सीजफायर एक्सटेंशन को ठुकराया

**तेहरान,22 अप्रैल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-अमेरिका के बीच सीजफायर खत्म होने से पहले इसे आगे बढ़ा दिया है। बुधवार की सुबह ट्रंप ने अमेरिका-ईरान युद्ध पर सीजफायर एक्सटेंशन को बढ़ाने का ऐलान किया। ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की अपील पर सीजफायर बढ़ाया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि यह कितने दिन के लिए बढ़ाया गया है। वहीं दूसरी तरफ ईरान ने ट्रंप के सीजफायर एक्सटेंशन को ठुकरा दिया है। तेहरान ने साफ कहा कि हारने वाली शर्तों के आधार पर वह सीजफायर नहीं करेगा। ईरान ने राष्ट्रपति ट्रंप के सीजफायर बढ़ाने के फैसले को एकतरफा बताते हुए खारिज कर दिया। हालांकि दिलचस्प बात ये है कि दोनों देश आधिकारिक बयान अलग दे रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात में सीजफायर जैसा माहौल बना हुआ है। ट्रंप ने सीजफायर एक्सटेंशन का ऐलान करते हुए कहा कि ईरान के अंदर इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है। ऐसे वक्त में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ ने उनसे ईरान पर कुछ समय तक हमले रोकने की अपील की, ताकि ईरान को साझा प्रस्ताव तैयार करने का वक्त मिल सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस अपील को मानते हुए उन्होंने अमेरिकी सेना को फिलहाल हमला रोकने का आदेश दिया है। हालांकि, सेना को पूरी तरह तैयार रहने को भी कहा गया है और ईरान पर दबाव बनाए रखने के लिए नाकेबंदी (ब्लॉकेड) जारी रहेगी। उन्होंने साफ किया कि सीजफायर तब तक जारी रहेगा जब तक ईरान अपनी ओर से ठोस और एकजुट प्रस्ताव नहीं दे देता और बातचीत पूरी नहीं हो जाती, चाहे उसका नतीजा कुछ भी निकले। इधर ईरान ने सीजफायर एक्सटेंशन को साफ तौर पर ठुकरा दिया है। तेहरान का कहना है कि वह इस "एकतरफा फैसले" को नहीं मानता और अपने राष्ट्रीय हित के हिसाब से ही आगे कदम उठाएगा। ईरानी संसद स्पीकर के सलाहकार महदी मोहम्मदी ने भी ट्रंप के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "ट्रंप का सीजफायर एक्सटेंशन कोई मायने नहीं रखता। हारने वाले शर्तें नहीं थोप सकते। यह बयान साफ दिखाता है कि ईरान इस पूरे मामले में झुकने के मूड में नहीं है।

ट्रंप के इस ऐलान के बाद, शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के इस अनुरोध को स्वीकार करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चल रहे राजनयिक प्रयासों को अपना रास्ता तय करने की अनुमति देने के लिए युद्धविराम को बढ़ाया जाए। शरीफ ने सोशल मीडिया पर लिखा-पाकिस्तान पर जताए गए भरोसे और विश्वास के साथ पाकिस्तान संघर्ष के वार्तात्मक समाधान के लिए अपने गंभीर प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने औपचारिक रूप से यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान में वार्ता का दूसरा दौर निर्धारित है, हालांकि उन्होंने तारीख नहीं बताई।

## खरगे के बयान के खिलाफ बीजेपी ने की ईसी में शिकायत

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी के खिलाफ जो विवादित बयान दिया, उस पर बीजेपी एक्शन मोड में है। बीजेपी खरगे के बयान के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची है और शिकायत दर्ज करवाई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में एक्स पर पोस्ट करके जानकारी दी है। उन्होंने बताया, "हमने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ उनके उस चौंकाने वाले और शर्मनाक बयान के लिए कड़ी शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को "आतंकवादी" कहा है। यह सिर्फ अपमानजनक ही नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर एक खतरनाक हमला है। यह आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। तत्काल कार्रवाई अनिवार्य है। चेन्नई में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था, "ये लोग मोदी के साथ कैसे जुड़ सकते हैं? वो एक आतंकवादी हैं। वो समानता में विश्वास नहीं करते। उनकी पार्टी समानता और न्याय में विश्वास नहीं करती। और इन लोगों का उनके साथ जुड़ना, इसका मतलब है कि वे लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।"खरगे के इस बयान के बाद बीजेपी ने काफी नाराजगी जताई थी। खरगे के बयान पर तमिलनाडु चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था, "मुझे शर्म आती है कि कांग्रेस और डीएमके इतनी नीच हरकत पर उतर आए हैं कि वे भारत की जनता द्वारा लोकतांत्रिक रूप से चुने गए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहकर उनका अपमान कर रहे हैं। राहुल गांधी और एमके स्टालिन को प्रधानमंत्री और उन्हें वोट देकर सत्ता में लाने वाली भारत की जनता के इस घोर अपमान के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस और डीएमके ने इस बयान से 140 करोड़ भारतीयों को, जिनमें हमारे 8 करोड़ तमिल भाई-बहन भी शामिल हैं, अपमानित किया है।" खरगे के बयान के बाद जब विवाद बढ़ गया को खरगे ने अपनी सफाई भी दी और कहा, "क्योंकि भाजपा सरकार राजनीतिक दलों और खासकर उम्मीदवारों को डरा रही है।

## अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़

**महासमुंद,22 अप्रैल।** तहसील कार्यालय के सामने खड़ी एक कार से पेट्रोलिंग टीम ने गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह कि ओडिशा से ला रहे गांजा तीन थाना क्षेत्र से गुजर कर महासमुंद मुख्यालय में कार बंद होने पर पकड़ा गया है। पेट्रोलिंग टीम ने



महाराष्ट्र पासिंग कार में सवार दो युवकों से शक के आधार पर पूछताछ की और कार की तलाशी ली तो उसमें गांजा पाया गया। महासमुंद शहर में नेशनल हाईवे 353 स्थित तहसील कार्यालय के सामने मंगलवार की रात करीब 9.15 बजे महाराष्ट्र पासिंग कार एम एच 31 डीसी 2140 बंद हो गई। कार में दो युवक सवार थे। दोनों ने बहुत कोशिश की लेकिन कार चालू नहीं हुआ। युवक डरे सहमे इधर उधर देख रहे थे। इस बीच हाईवे से पेट्रोलिंग वाहन गुजर रही थी। महाराष्ट्र पासिंग होने के कारण पेट्रोलिंग टीम ने कार के करीब जाकर पूछताछ करना शुरू कर दिया। दोनों युवक घबराते हुए कार बंद पड़ जाने की बात बताई। पेट्रोलिंग टीम ने युवकों से कहां जाना है, इस पर दोनों युवक घबरा गए। टीम को शक हुआ तो दोनों को कार से नीचे उतरने कहा। पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार की पिछली सीट के नीचे से खाकी टेप से लिपटा हुआ एक-एक किलो गांजा का 15-20 पैकेट निकाला। पेट्रोलिंग टीम ने इसकी सूचना सायबर सेल को दी। सायबर से दो लोग मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को पेट्रोलिंग गाड़ी में बिठाकर साथ ले गए। पेट्रोलिंग टीम आम लोगों की मदद से कार को धक्का देकर सिटी कोतवाली ले गए। पुलिस सहित आम लोग भी जानते हैं कि महासमुंद जिले में पकड़े जाने वाला गांजा ओडिशा से लेकर जिले के रास्ते से होकर गुरता है। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि महाराष्ट्र पासिंग कार कोमाखान, बागबाहरा, खल्लारी थाना क्षेत्र से गुजरते हुए महासमुंद शहर में बंद होने से पकड़ा जाता है, जो पुलिस की मुस्तैदी और दावे की कलाई खोल कर रख दी है।

## राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकते सरकारी कर्मचारी

### सरकार ने जारी किया कड़ा फरमान

**रायपुर,22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कड़े निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि नौकरी के साथ-साथ किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि में शामिल होना अब भारी पड़ सकता है। नए निर्देशों के अनुसार, कोई भी शासकीय सेवक न तो किसी राजनीतिक दल का सदस्य बन सकता है और न ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव या प्रचार का हिस्सा बन सकता है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सरकार ने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई और निलंबन तक की चेतावनी दी है। राज्य सरकार द्वारा जारी इस आदेश का मुख्य उद्देश्य प्रशासन में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना है। सरकार का मानना है कि शासकीय सेवकों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और बिना किसी राजनीतिक झुकाव के करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के तहत यह अनिवार्य है कि कर्मचारी केवल अपने पदेन कर्तव्यों पर ध्यान दें।

#### कांग्रेस ने क्या कहा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने परिपत्र के हवाले से सरकार से पूछा है कि RSS याने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम इस परिपत्र के दायरे में आते हैं या नहीं आते। संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा- "परिपत्र का स्वागत है।बस ये समझना है कि,इस परिपत्र की आड़ में कार्यवाही जब होगी तो कोई पक्षपात तो नही होगा।यदि इस परिपत्र के के शब्दों को सत्य मानें तो यह सही होगा न कि,संगठन शब्द के दायरे में आरएसएस भी है। यदि ऐसा नहीं है तो साय सरकार इसे कारण सहित स्पष्ट कर दे।"

**परिपत्र राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी है। पत्र में चार बिंदु हैं। ये निम्नलिखित हैं -**

1- किसी भी प्रकार के राजनीतिक दल या संगठन का सक्रिय सदस्य नहीं होगा।

2-किसी भी राजनीतिक गतिविधि में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से भाग नहीं लेगा।

3-किसी अन्य शासकीय,अशासकीय संस्था,समिति,संगठन या निकाय में बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के कोई पद धारण नहीं करेगा एवं न ही उक्त के द्वारा आयोजित किसी गतिविधि में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सम्मिलित होगा।

4- ऐसे किसी पद या दायित्व को ग्रहण नहीं करेगा जिससे उसके शासकीय कार्यों की निष्पक्षता प्रभावित हो।

### भारत के जन-जन में खेल के प्रति लगाव पैदा करने की कोशिश जारी है

## खेलो भारत नीति:2025 से हम बनेंगे वैश्विक खेल महाशक्ति

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आजादी के 79 वर्षों बाद भी हमारे देश में खेलकूद का ना तो माहौल बन सका है न ही खेलकूद के महत्व को आम लोगों को समझाया जा सका है। सीधी की बात है "खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब "ऐसे मुहावरों को देश की जनता के मन मस्तिष्क में भर दिया गया हो तो उस देश के रहवासियों का खेलों के प्रति नकारात्मक विचार ही उत्पन्न होगा। आधुनिक युग में शरीर के चुस्त दुरुस्त रहने का सीधा संबंध बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक खुशहाल रहने से हैं। जब देश-समाज के लोग स्वस्थ और फिट रहेंगे तो प्रगति अपने आप दिखाई देगी। 2000 के पहले भारत की जनता रोटी, कपड़ा, बेरोजगारी और मकान की समस्या से जूझ रही थी उसमें कितनी कामयाबी मिली गरीबी हटाओ अभियान से कितने गरीबों को लाभ पहुंचा यह एक अलग विषय है लेकिन अब देश के लिए कुछ कर गुजरने की बात आई है। देश को खेल विश्व मंच पर स्थापित करने की बात आई है।तो फिर कृषि, उद्योग, संचार,सड़क, शिक्षा, पेयजल, परिवहन, स्वास्थ्य, विज्ञान आदि क्षेत्रों में भारत की प्रगति को देखते हुए खेलकूद में मिली अंतर्राष्ट्रीय सफलता का भी आकलन जरूरी है। इसमें नौजवानों की फौज होते हुए असफलता पाना बेहद अफसोसजनक है।

2014 में केंद्र सरकार में सत्ता पलट होने के बाद माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी उपरोक्त अन्य क्षेत्रों के अलावा लगातार खेलों की ओर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि मोदी जी के लिए खेल में विश्वस्तर पर भारत की सफलता प्राथमिकता में शामिल है। इसीलिए मोदी जी

खेल को भारत की आत्मा में बसा देने के लिए आतुर है। जिसके लिए उन्होंने 2014 के बाद से 2026-27 तक प्रधानमंत्री जी ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के माध्यम से खेलकूद के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत करीब 6200 करोड़ रुपये, भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई) नई दिल्ली और खेल मंत्रालय नई दिल्ली को आबंटित किया है। खेल प्रशासकों, खेल विशेषज्ञों, पूर्व खिलाड़ियों आदि के माध्यम से विचार विमर्श के पश्चात दिसंबर में खेलो भारत नीति 2025 की घोषणा की गई है।

खेलो भारत नीति 2025 में मुख्य रूप से खेलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जोड़ा गया है ताकि प्राथमिक शिक्षा से ही विद्यार्थी जीवन में खेल के महत्व को समझ सके। खेल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना और विदेश में रहने वाले भारतीयों से संपर्क बताए रखना ताकि खेलकूद में चिकित्सा, दवा आत्याधुनिक उपकरणों के महत्व को समझा जा सकेगा। भारत में खेल का माहौल वास्तव में बड़े खेल आयोजनों से बनता है। भारत में 2030 में राष्ट्रमंडल खेल फिर 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आयोजन की तैयारी भी इस नीति में शामिल है जिससे भारत ने वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो सकेगा। खेलो भारत नीति 2025 के क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय को करीब 2350 करोड़ रुपये का आवंटन 2026/27 वित्तीय वर्ष के लिए स्वीकृत किया गया है।

कहने का तात्पर्य यही है कि खेलों भारत नीति 2025 सिर्फ कोई कागजी पुलाव नहीं है। भारत की आत्मा में खेलकूद के बसाने के लिए एक ईमानदार प्रयास का प्रमाण है। इसमें विभिन्न खेलों की लीग स्पर्धाओं को और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करना शामिल करना है ताकि भारत के बच्चे, किशोर, युवा सभी अपनी-अपनी पसंद के खेलों में भाग ले सके। इसके साथ बचपन से ही खिलाड़ियों को उचित खान-पान की जानकारी, प्रतिबंधित दवा से होने वाली हानि को बतलाना और खेल में भाग लेने के लिए जागरूकता के केंद्र की स्थापना करना ताकि अनुसंधान के द्वारा खिलाड़ियों में कमी की जानकारी मिल सके और उसमें सुधार किया जा सके। इस प्रकार खेलों भारत नीति 2025 में निर्धारित और अन्य लाभप्रद क्रियाकलापों से भारतीय खेल परिदृश्य की तस्वीर बदल जायेगी।

### बेटे ने की मां की हत्या

बलौदाबाजार,22 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. पारिवारिक विवाद के कारण एक कलयुगी बेटे ने अपनी 65 साल की मां की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे मामले ने और भी गंभीर रूप ले लिया. यह पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के मगरवाय ग्राम की बताई जा रही है. जानकारी के मतुाबिक, पुलिस ने आरोपी बेटे को तत्काल हिरासत में ले लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है. वहीं घटना की सूचना पर पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू कर दी. घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. घर के अंदर महिला का शव लहूलुहान हालत में मिला. सिर पर गहरे चोट के निशान पाए गए हैं. प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतका की पहचान बेबी बाई वर्मा (65 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी का नाम धनेश्वर प्रसाद वर्मा (42 वर्ष) बताया जा रहा है.

# अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम ने की सख्त कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अप्रैल ।** नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन-2, वैशाली नगर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिकेश सेन एवं स्थानीय नागरिकों से मिली शिकायत के आधार पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने वार्ड क्रमांक 20 के बाबा दीप सिंह नगर क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाली जमीन पर बाउंड्रीवाल निर्माण कर अवैध रूप से प्लॉट काटे जा रहे थे। साथ ही मुरूम डालकर भूखंडों को बेचने की तैयारी की जा रही थी।



## सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर निगम ने की कार्रवाई

**भिलाई, 22 अप्रैल ।** नगर निगम द्वारा जोन-3 अंतर्गत पावर हाउस चौक क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पावर हाउस चौक शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े एवं भारी वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निगम अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र के कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के सामने सड़क तक सामान फैलाकर रखते हैं, वहीं फल एवं सब्जी विक्रेता भी सड़क पर ठेले लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं।

इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति बन जाती है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए निगम प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए सड़क को खाली कराया, ताकि आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके।

## समाचार संक्षेप

### सुशासन शिविर एक मई से 10 जून तक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की इस संबंध में बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा, आवेदनों की प्राप्ति और निराकरण, शिविरों के आयोजन के संबंध में विस्तार से दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में सुशासन तिहार कार्यक्रम और शिविरों के आयोजन को लेकर मुनादी करवाई जाए।सभी तहसील एवं उप तहसील कार्यालय में आवेदन लेने के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। जिससे आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविरों के आयोजन के दौरान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्थल में छाया और पेयजल की व्यवस्था हो। स्वास्थ्य विभाग पर्याप्त इलेक्ट्रॉल और दवाओं के साथ अपना काउंटर लगाएं। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाले आवेदनों की स्क्रुटनी करते हुए संबंधित विभाग को प्रेषित कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त आवेदनों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के निर्देश भी अधिकारियों को बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा सहित सभी एसडीएम व तहसीलदार एवं विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बीएसपी के डीजीएम के घर चोरी

**भिलाई, 22 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के बीएसपी के डीजीएम के नए घर में अज्ञात चोर ने दरवाजे की सिटकनी तोड़कर 30 हजार रुपए के सामान की चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि सेक्टर-10 निवासी रजत बारमटे बीएसपी में डीजीएम के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह नेहरुनगर वेस्ट सुपेला में नया घर बनवा रहे हैं। इसमें पेटिंग और पुट्टी का काम चल रहा है 18 अप्रैल को पेंटर देवा साहू घर का दरवाजा लॉककर चला गया। अगले दिन 19 अप्रैल को पेंटर देवा सुबह 9.30 बजे फोनकर बताया कि मेन गेट का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। बालकनी के ऊपर का दरवाजा की सिटकनी टूटी है। घर अंदर रखे एशियन पेंट 20 लीटर, रैनप्रा मशीन, सीलिंग फैन 4 नग, एलईडी स्ट्रीप लाइट 80 नग, हैवेल्स 3, इन वन पैनल 10 नग, वेल्डिंग मशीन व अन्य सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### मोबाइल से लाखों की ठगी

**भिलाई, 22 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई मोबाइल से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रेल्वे कालोनी 124/बी जोन 1 चरोदा निवासी जी रामू प्रायवेट कंपनी में काम करता है। रामू 19 अप्रैल को वे अपना मोबाईल को चेक कर रहा था, तभी एक एसएमएस आया उसे क्लिक करते ही खाता से पैसा कट गया। इस पर पीड़ित बैंक पहुंचा तो पता चला कि खाता से कुल 3 लाख 28 हजार 44.16 रुपये पार कर ठगी किया। पीड़ित का कहना है कि उसने मकान बनाने के लिए लोन लिया था ।

### अवैध शराब ले जाते दो गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई बाइक में अवैध शराब का परिवहन करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि माईनिंग चौक, ग्राम पोटिया मोड़ मेन रोड अहिवारा में घेराबंदी कर दोनों को बाइक समेत पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम ग्राम गिरहोला निवासी राहुल बंजारे, विजय बंजारे बताया है युवकों के पास से पुलिस ने 60 पौवा देशी मदिरा शराब 6 हजार रुपये का जब्त किया है बाइक 25 हजार का जब्त किया है कार्रवाई में नंदिनी पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 22 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र के एक (17 साल) नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी ओम प्रकाश साहू (24 साल) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है अंडा पुलिस ने बताया कि घटना के दिन नाबालिग घर में अकेली थी, तभी आरोपी घर में घुस गया। नाबालिग के साथ जबरदस्ती कर मौके से भाग गया परिजन के लौटने पर नाबालिग ने घटना बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 115(2), 351(3), 127(2), 4 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर रिमांड पर जेल भेज दिया

## सम्मान




### बोडला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने पदक प्रदान कर विद्यार्थियों का सम्मान किया

**कवर्धा।** काव्य पब्लिक स्कूल बेंदरची में क्लास 1 क्लास 2 क्लास 3 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बोडला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने पदक देकर सम्मान किया ।

### आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण सहित सुशासन तिहार की करें तैयारी:कलेक्टर

जगदलपुर, 22 अप्रैल । कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि सुशासन तिहार का आयोजन मई माह से किया जाएगा इसकी आवश्यक तैयारियों के साथ ही आम जनता के विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की कार्यों और योजनाओं प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए ।कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 1 मई से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार से पूर्व शासन के विभिन्न पोर्टलों-सीएम हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल, जनदर्शन एवं राजस्व प्रकरणों में प्राप्त सभी शिकायतों का निराकरण कर लिया जाए।

## पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक बने इंद्रजीत, खिलाड़ियों का किया गया सम्मान



**भिलाई, 22 अप्रैल ।** 26वीं छत्तीसगढ़ स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के दौरान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इंद्रजीत सिंह छोटू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग आवश्यक है। उनके अनुसार इस प्रकार के आयोजन प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में एसोसिएशन के महासचिव एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाडी कृष्णा साहू, कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन सहित त्रिलोक सिंह, ए. नागभूषण, संतोषी माझी, पद्मिनी शर्मा, धारिणी जोशी, नामदेव साहू, नश्कर टंडन, महेश पटेल, आसिफ अली खान, अखिलेश पांडेय, लोमन सिंह, राजकुमार पांडेय, सुरेंद्र सूरी, अशोक पिल्लई, राज वासनिक, जयदीप साहू, अरुण गोयल, जे. भुनेश्वर राव, श्रीकांत, ममता रजक, प्रियांक मिश्रा, मुन्नू स्वामी, पीयूष टंडन, ब्लेसन बोस्को, पिंटू आर्या साहू सहित अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जैविक खाद के उपयोग करें और मिलेट्स फसलों की पैदावारी को दें बढ़ावा:संभाग आयुक्त

**दुर्ग, 22 अप्रैल ।** संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने कहा कि संभाग अंतर्गत फसलों की पैदावारी बढ़ाने हेतु जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। इसी प्रकार मिलेट्स फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी आदि की पैदावारी के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर इनके प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग पर भी कृषि विभाग द्वारा आवश्यक पहल की जाए। बालोद स्थित मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाने में गन्ने की आपूर्ति हेतु गन्ने के फसल की पैदावारी हेतु दुर्ग जिले के किसानों को भी अनुदान राशि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संभाग मुख्यालय दुर्ग स्थित कृषि विभाग के प्रशिक्षण केन्द्र भवन का सदुपयोग हेतु कृषकों का प्रशिक्षण एवं भ्रमण आदि होते रहना चाहिए। उक्त भवन अन्य विभागों के प्रशिक्षण हेतु भी निर्धारित दर पर उपलब्ध कराई जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर आज संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक कृषि को उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 20 अप्रैल से 15 जून 2026 तक स्कूलों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। संभाग अंतर्गत सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों में आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## बाल योग गुरुकुल ग्रीष्मकालीन शिविर 3 मई से



**भिलाई, 22 अप्रैल ।** बाल योग गुरुकुल ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 3 मई से 27 मई तक कोहका स्थित पतंजलि गौशाला परिसर में किया जाएगा। शिविर में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को योग, भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा एवं जीवन कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान, गीता एवं रामायण के श्लोकों का अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता जैसे जीवन कौशल सिखाए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए संस्कार आधारित खेल, योग प्रतियोगिताएं, चित्रकला, भजन, नाटक, वक्तृत्व एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। सेवा कार्य, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी विकसित किया जाएगा।

## शादी का सीजन,मार्केट,होटलों में भारी चमक और स्वर्ण बाजार फीका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,22 अप्रैल।**गांव-गांव शहर शहर में शादियां होने के कारण अलमारी , कुकर , सोफा , साड़ी , कुर्ता , शर्ट, पेंट बेचने वाले दुकानों के संचालकों के चेहरे में भारी खुशी दिख रही है । बसों में भी खूब चमक दिख रही है । प्रमोद जैन श्रेयांश ज्वेलर्स ने कहा की मार्केट धीमा है हमारे दुकान में सिर्फ तीस प्रतिशत ही बिक्री हो रही है । बिजनेस मैन तरुण जैन ने मार्केट फीका है । बिजनेसमैन अतुल देश लहरे ने कहा की सोने की हार की बिक्री में बहुत कमी आ गई है । कल्पना रेस्टारेंट सुशांत पात्रों ने बताया की लस्सी , कोल्ड ड्रिंक्स , दही समोसा की खूब बिक्री हो रही है । होटलों में भी काफी चमक दिख रही है ।

## पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**भिलाई, 22 अप्रैल ।** शिवसेना (यूबीटी) के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पहलगाम आतंकी हमला की पहली बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस हमले में अपने प्रियजनों को खोने का दुख आज भी हर भारतीय के दिल में जीवित है। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को याद करते हुए उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की। राजू गुप्ता ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और इसके खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि इस तरह की घटनाओं से सबक लेते हुए समाज में शांति, एकता और सद्भाव बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि शहीदों की स्मृति हमें हमेशा यह प्रेरणा देती है कि हम देश की सुरक्षा और मानवता की रक्षा के लिए सतर्क और संगठित रहें।

## जायरीने हज का इस्तकबाल करना हम सबकी खुशनसीबीः इंद्रजीत



**भिलाई, 22 अप्रैल ।** हज के मुबारक सफर पर रवाना होने वाले दुर्ग-भिलाई के जायरीनों के सम्मान में 19 अप्रैल को इस्तकबालिया कार्यक्रम समाजसेवी अब्दुल गनी खान एवं हुडको स्थित हजरत बिलाल मस्जिद के सदर शाहिद अहमद रज्जन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्व समाज समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि जायरीनों का इस्तकबाल करना हम सभी के लिए खुशनसीबी की बात है और उन्होंने उनसे दुआओं में याद रखने की अपील की। कार्यक्रम में सर्वधर्म एकता की झलक भी देखने को मिली। जसवीर सिंह चहल ने कहा कि ऐसे आयोजन भिलाई की भाईचारा संस्कृति को और मजबूत करते हैं। वहीं पार्षद सीजू एंथोनी, पलविंदर सिंह रंधावा, मलकीत सिंह लल्लू एवं जोगा राव सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भिलाई जिंदाबाद, कुछ किस्से-कुछ कहानियां का भी लोकार्पण किया गया।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 123 परीक्षा केंद्र

**दुर्ग, 22 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार, 26 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। इस परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।परीक्षा के दौरान अनुशासन और शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। गहरे रंग जैसे काले, नीले, हरे, जामुनी, मैरून और चॉकलेटी कपड़ों का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।

## छत्तीसगढ़ी सिनेमा के उभरते सितारे भारत केशरवानी ने भोजपुरी फिल्म से बनाई पहचान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा में तेजी से पहचान बना रहे युवा अभिनेता भारत केशरवानी अब रुपहले परदे पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उनकी नई फीचर फिल्म की स्क्रीनिंग की तैयारी चल रही है, वहीं अक्टूबर में शूटिंग को लेकर जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं। भारत केशरवानी ने भोजपुरी फिल्म लहू के दो रंग में प्रसिद्ध अभिनेता खेसारी लाल यादव के साथ अभिनय कर दर्शकों का दिल जीता। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ। अब तक 30 से अधिक छत्तीसगढ़ी एल्बम में काम कर चुके भारत ने अपनी एक्टिंग, डांस और डायलॉग डिलीवरी से खास पहचान बनाई है। उनकी बहुमुखी प्रतिभा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे अभिनेत्री के किरदार भी बखूबी निभा लेते हैं। खरसिया निवासी भारत ने छत्तीसगढ़ी के अलावा ओड़िया और नागपुरी भाषा



के गानों में भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि अभिनय की प्रेरणा उन्हें अपने पिता राजेश केशरवानी से मिली, जो स्वयं एक अनुभवी कलाकार और प्रोड्यूसर हैं। उनकी माता गायत्री केशरवानी भी फिल्म निर्माण से जुड़ी हैं और उनका लगातार मार्गदर्शन करती रहती हैं। महज 19 वर्ष की उम्र में भारत को भिखारी ठाकुर सम्मान से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्होंने ग्रीन सिनेमा अवार्ड में भी अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए पुरस्कार हासिल किया। इस दौरान उन्होंने रितेश पांडेय के लोकप्रिय गीत लवंडिया लंदन से लाएंगे पर यादगार परफॉर्मेंस दी। मुंबई प्रवास के दौरान भारत ने मुंबई के प्रमुख स्थानों पर अपने एल्बम जवारा आबे हमर पारा की प्रस्तुति देकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान उन्होंने अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, सलमान खान और शाहरुख खान जैसे फिल्मी सितारों के आवास के सामने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। भारत केशरवानी को उनके बेहतरीन डांस के लिए टाइगर श्रॉफ और माइकल जैक्सन जैसे डांसर्स से तुलना कर सराहा जा रहा है।

## सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए समीक्षा बैठक में जीरो हार्म लक्ष्य पर जोर



भिलाई, 22 अप्रैल । भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा मानकों को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सेफ्टी वारियर्स एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी एस. के. अग्रवाल एवं मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी ने संयुक्त रूप से की। संयंत्र क्षेत्र में गैस एवं यूटिलिटी पाइपलाइन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह का विशेष लाइन मॉनिटरिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत दो टीमों का गठन कर पूरे प्लांट क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा, ताकि संभावित जोखिमों को समय रहते दूर किया जा सके। इस अवसर पर एस. के. अग्रवाल ने कहा कि सेफ्टी वारियर्स का योगदान जीरो हार्म सुरक्षा दृष्टि को साकार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं देवदत्त सतपथी ने इसे पूरे सेल परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने पर 3 वाहन व 1 जेसीबी जब्त



**राजनांदगांव 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम कुंवारझोलकी, ठेलकाडीह, ढारा, मोहारा, डोंगरगढ़, बोरतलाव, सुकुलदैहान, घुमका सहित विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें अहिवारा निवासी अरूण गुप्ता के स्वामित्व की हाईवा 12 चक्का सीजी 04 एमजे 6242 से पिठौरा निवासी वाहन चालक अनिल कुमार द्वारा चूना पत्थर (गिट्टी) तथा दुर्ग निवासी सेवासिंह ओबेरॉय के स्वामित्व के हाईवा सीजी 07 बीजे 9929 से चंवरढाल निवासी वाहन चालक विक्की साहू द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना ठेलकाडीह को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ढारा निवासी राजेन्द्र जंघेल के स्वामित्व की माजदा सीजी 08 एल 3688 से कातुलवही निवासी वाहन चालक गन्नू विश्वकर्मा द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने तथा ढारा निवासी राजेन्द्र जंघेल के स्वामित्व के जेसीबी सीजी 07 एनए 8565 से ढारा निवासी वाहन चालक अज्जू यादव द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना मोहारा को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### एनटीपीसी के 'बालिका सशक्तिकरण अभियान में 142 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**कोरबा 22 अप्रैल।** एनटीपीसी लिमिटेड की कोरबा इकाई द्वारा संचालित 'बालिका सशक्तिकरण अभियान (जीईएम)' सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में उभर रहा है। इस अभियान के तहत बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को 156 प्रतिभागियों में से 142 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण सफ्लतापूर्वक पूरा किया गया। यह स्वास्थ्य परीक्षण अभियान का अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों के बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का दायरा लगातार बढ़ रहा है। इस पहल के अंतर्गत कोरबा और आसपास के क्षेत्रों के 36 विद्यालयों को शामिल किया गया है, जो स्थानीय समुदायों में इस अभियान की बढ़ती स्वीकृति और प्रभाव को दर्शाता है।

'बालिका सशक्तिकरण अभियान (जीईएम)' के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संरचित गतिविधियां, मार्गदर्शन सत्र और संवादात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एनटीपीसी कोरबा के ये प्रयास न केवल बालिकाओं के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहे हैं, बल्कि सामुदायिक विकास में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं। यह पहल समावेशी विकास और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन

## सिंगारपुर-मेंढा मार्ग की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, बड़ी संख्या में पहुंचे महिला-पुरुष, एक माह में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा चक्काजाम : विभा साहू

- मेंटेनेंस की राशि होने के बावजूद मरम्मत कार्य नहीं किया जा रहा, ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों को निविदा से बाहर रखें।

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी की लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के नेतृत्व में ग्राम सिंगारपुर एवं मेंढा के ग्रामीणों ने क्षेत्र की जर्जर एवं खस्ताहाल सड़क समस्या को लेकर मंगलवार दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। लंबे समय से सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत एवं नवीनीकरण की मांग की।

श्रीमति साहू ने कहा कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, वहीं विद्यार्थियों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने मार्च महीने नादिया में आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साहू को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत मेंढा-सिंगारपुर सड़क मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2016 में बनाई गई थी लेकिन बीते 9 वर्षों में आज तक कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि अर्जुनी से मेंढा तक 2.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण वर्ष 2022 में हुआ था लेकिन मात्र ढाई वर्षों में ही सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

वहीं मेंढा से सोनेसरार मार्ग 1.55 किलोमीटर सड़क, जिसका निर्माण वर्ष 2015 में हुआ था उसकी भी आज तक मरम्मत नहीं हुई और न ही नवीन स्वीकृति दी गई। इसकेपूर्व के कलेक्टर को भी ज्ञापन दिए गए लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया है।समय सीमा के अंदर रहते ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं किया जा रहा है प्रशासन मूक दर्शक बने देखने का कार्य कर रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन से निम्न मांगें रखीं सड़क की तत्काल मरम्मत अथवा नवीन निर्माण की स्वीकृति दी जाए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच हेतु समिति गठित की जाए।ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते सड़क निर्माण नहीं हुआ तो बरसात में हालात और गंभीर हो जाएंगे। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन शासन को भेजा जाएगा तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक माह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा और चक्का जाम कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को बार-बार आंदोलन करना पड़े यह दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन-प्रशासन को जनहित के मामलों में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र नेताम (ग्राम अध्यक्ष सिंगारपुर), मुकेश निषाद (ग्राम सचिव), नरेंद्र साहू (ग्राम पटेल), रेखा लाल निषाद (सरपंच मेंढा), रेखा राम निषाद (सरपंच सिंगारपुर) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। इसके अलावा कन्हैया लाल, संतोष निषाद, योगेश साहू, पुरुषोत्तम उइके, खेदूराम निषाद, नेतराम ठाकुर, द्वारिका निषाद, तोमन साहू, सियाराम निषाद, मन्नू, खेमलाल, महत राम, ढाल साहू, प्रभा निषाद, देवकी साहू, लक्ष्मी बाई, किरण साहू, दुर्गा यादव, धनाई निषाद, गोपी साहू, कौशल साहू, परस साहू, गोवर्धन निषाद, बुधराम, उमेश साहू, गोपाल निषाद, धर्मेंद्र साहू, कमलेश साहू, मुनेश मांडवी, राजेंद्र यादव, कैलाश नेताम, भूषण सिंहा, चेतन निषाद, जीवरखण निषाद, तेजराम, श्रीचंद निषाद, बिसाहू निषाद, अशोक निषाद, लेखूराम साहू, मनोज उइके, भानु साहू, जानकी, मोतिम, बिशनी, लीला बाई, रामबाई निषाद, ईश्वर साहू लोकेश साहू सहित सिंगारपुर और मेंढा के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क किसी भी गांव के विकास की रीढ़ होती है। यदि सड़क ही खराब हो तो शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और आवागमन सब प्रभावित होता है। अब ग्रामीणों को प्रशासन से जल्द सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है।

# घर में छिपाकर रखी गई मप्र निर्मित 21 हजार रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 20.04.2026 को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि ममता नगर निवासी लोकेश कुमार सिन्हा अपने घर में भारी मात्रा में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब डंप कर रखा है और उसे खपाने की तैयारी में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सिटी कोतवाली की टीम ने गवाहों के साथ ममता नगर स्थित आरोपी के निवास पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की बरामद की गई। पुलिस ने कुल 161 नग पौव्वा (कुल 28.980 बल्क लीटर) अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 21, 735 रुपये है। आरोपी के पास उक्त शराब रखने के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं पाया गया।

आरोपी का नाम लोकेश कुमार सिन्हा पिता शंकर लाल सिन्हा, उम्र 32 वर्ष, निवासीः ममता नगर गली नं. 07, राजनांदगांव, थाना कोतवाली है। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के अंतर्गत अजमानतीय अपराध होने के कारण अपराध क्रमांक 221/2026 पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को दिनांक 20.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। राजनांदगांव पुलिस अवैध नशा कारोबारियों के विरुद्ध अपनी सख्त कार्यवाही की नीति को भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रखेगी।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मिलन सिंह, उप निरीक्षक राधे श्याम जुर्री, आर राजेश साहू, आर अश्वनी सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### निर्धारित दर से अधिक पर मदिरा विक्रय करने पर सेल्समैन को कार्य से किया गया पृथक

**राजनांदगांव 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर मदिरा विक्रय करने के मामले की जांच की गई। वायरल वीडियो के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी राजनांदगांव दक्षिण द्वारा जांच उपरांत संबंधित सेल्समैन को कार्य से पृथक कर दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के लिए रेवाड़ीह-01 स्थित विदेशी (कंपोजिट) मदिरा दुकान का दौरा कर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच में पुष्टि हुई कि वीडियो में दिखाए गए ब्रांड वन शॉट व्हिस्की की पाव 150 रूपए के स्थान पर 200 रूपए में, यानी 50 रूपए अधिक दर पर सेल्समैन युगल किशोर खरे द्वारा विक्रय की गई। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित सेल्समैन को कार्य से पृथक कर ब्लैकलिस्ट करने हेतु उच्च विभाग को पत्र भेजा गया। जिले में किसी भी मदिरा दुकान में निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय की सूचना आबकारी उप निरीक्षक मुकेश वर्मा के मोबाईल नंबर 8412900180 पर दी जा सकती है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, भू-अर्जन, अवैध अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नजूल से संबंधित, पेंशन, राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस महानिरीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव 21 अप्रैल को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा रेंज के इकाइयों में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायत, मोटरयान अधिनियम, विभागीय जांच, सामुदायिक पुलिसिंग, निरीक्षण न्यायालय में लंबित दावा आपत्ति के प्रकरण एवं अन्य विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई उक्त बैठक में वरिष्ट पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी वाय.पी सिंह, अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ छुईखदान गंडई लक्ष्य शर्मा, कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वाधवानी एवं उप पुलिस अधीक्षक नवी मोनिका पांडे उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण पर भाजपा की नीयत उजागर, तुरंत लागू हो नारीशक्ति वंदन अधिनियम : भागवत साहू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने केंद्र सरकार और भाजपा पर महिला आरक्षण विधेयक को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि संसद से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू नहीं किया जा रहा है जिससे महिलाओं के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज को भी भ्रमित किया जा रहा है।

श्री साहू ने आगे कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक का शुरू से समर्थन किया है लेकिन भाजपा इसे लागू करने में अनावश्यक देरी कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि संसद से पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब इस कानून को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बात तो करती है लेकिन जब महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी देने का समय आया है, तब परिसीमन का बहाना बनाकर कानून को टाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ छल है। उन्होंने कहा कि भाजपा परिसीमन के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है। साथ ही पिछड़ा वर्ग, ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज के हक और प्रतिनिधित्व को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। यदि सरकार इसी तरह टालमटोल करती रही तो पूरा ओबीसी समाज इसका विरोध करेगा। उन्होंने ने कहा कि 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन की बात करना भी कई सवाल खड़े करता है। देश की आबादी, सामाजिक संरचना और क्षेत्रीय परिस्थितियों में लगातार बदलाव आया है ऐसे में पुराने आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेना न्यायसंगत नहीं होगा।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह 3 को

- सनातन धर्मावलंबियों की 51 बेटियों का अग्रवाल समाज कराएगा विवाह

**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह इस वर्ष पुनः भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष की अभूतपूर्व सफ्लता के बाद इस वर्ष भी 51 जोड़ों का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा।

यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। निमंत्रण देने गए प्रतिनिधि मंडल को आप दोनों ने अपनी आने की सहर्ष सहमति प्रदान की है।

इस अवसर पर सियाराम अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, संपत अग्रवाल विधायक, सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री, मोतीलाल साहू विधायक, जयदेव सिंघल महेंद्र सेक्सरिया, राजीव अग्रवाल सीएसआईडीसी के अध्यक्ष, बृजलाल गोयल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। संस्था को इन सब की कार्यक्रम में आने की सहमति प्राप्त हो चुकी है।

### सामाजिक समरसता का प्रतीक होगा यह आयोजन

कार्यक्रम के संयोजक शोभा केडिया, गुंजा सुल्तानिया, रमेश अग्रवाल एवं जयप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, एकता एवं सेवा भाव का प्रतीक है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह कराना एवं उन्हें सहयोग प्रदान करना है।यह आयोजन समाज के उन परिवारों के लिए एक सशक्त पहल है, जो अपनी बेटियों के विवाह को गरिमामय रूप से संपन्न करने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं।



इस पावन अवसर पर विभिन्न समाज एवं वर्गों की 51कन्याओं का विवाह पूरे विधि-विधान, परंपरा एवं सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य न केवल कन्याओं को सम्मानपूर्वक विदा करना है, बल्कि समाज में समानता, सहयोग और सामूहिकता की भावना को भी सुदृढ़ करना है।

### सख्त चयन एवं पारदर्शिता

प्रचार-प्रसार प्रभारी ज्योति अग्रवाल एवं डॉ. नेहा अग्रवाल ने बताया कि सभी जोड़ों का विधिवत सत्यापन किया जा रहा है, ताकि पात्र हितग्राहियों को ही लाभ मिल सके।

रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष हरिकेश पालीवाल जिला महिला संगठन की अध्यक्षा प्रियंका अग्रवाल एवं पंडाल एवं व्यवस्था प्रभारी संजीव अग्रवाल ने बताया कि, इस आयोजन में बेटियों को गृहस्थी के अनेक प्रकार के सामान दिए जाते हैं, कल लगभग ?50000 की सामग्री प्रत्येक वर वधु को दी जाती है जिसमें स्टील की बड़ी वाली अलमारी, बड़ी सूटकेस, मिक्सर ग्राइंडर, पंखा, इलेक्ट्रिक आयरन, विवाह के सारे प्रकार के कपड़े, घड़ी, जेवर, गृहस्ती के रोजमर्रा के सारे प्रकार के समान बर्तन इत्यादि अनेक प्रकार की सामग्री सम्मिलित हैं।

संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल ने बताया कि, समाज सेवा और मानवीय मूल्यों की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत करते हुए, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा एक भव्य निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विवाह से संबंधित समस्त आवश्यक सामग्री एवं व्यवस्थाएं संस्था द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाएंगी, जिससे कन्याओं के परिवारों पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ न पड़े। इसके साथ ही, नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन की शुभकामनाओं के साथ उपयोगी उपहार भी प्रदान किए जाएंगे।

अग्रवाल समाज द्वारा किया जा रहा यह प्रयास न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, बल्कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे संदेशों को भी साकार रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करता है।

पूरे कार्यक्रम को सुचारू और व्यवस्थित रूप देने के लिए 100 से अधिक सदस्यों की टीम रात और दिन लगातार मेहनत कर रही है विभिन्न समितियां बनाई गई हैं यह समाज सेवा का प्रेरणादायक प्रयास है, यह आयोजन सामाजिक एकता, सेवा और सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करता है।

# श्री चित्रगुप्त प्राकट्य महोत्सव 23 को निकलेगी शोभायात्रा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** कायस्थ सभा-कायस्थ समाज, राजनांदगांव द्वारा कायस्थ आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन 23 अप्रैल को श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे महाभिषेक, हवन, आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ होगी। इसके पश्चात सायं 4:30 बजे चित्रगुप्त मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी सभागृह परिसर पहुंचेगी। यहां सायं 7:00 बजे मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा रात्रि 8:30 बजे महाप्रसादी (स्नेहभोज) का आयोजन रखा गया है। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेटछत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पार्षद पूर्व अध्यक्ष शहर कांग्रेस कुलबीर सिंह छाबड़ा एवं पार्षद शैंकी बग्गा उपस्थित रहेंगे।

# देश का चुनाव नहीं हो रहा तो आपत्ति क्यों

देश का विपक्ष पीएम मोदी व भाजपा को गलत साबित करने का मौका ढूंढता रहता है. इसके लिए वह पीएम मोदी कुछ भी करते हैं या कहते हैं तो उसकी कोशिश यह बताने की रहती है कि देखो पीएम मोदी ने यह गलत किया है,यह गलत कहा है।वह सोचते हैं कि विपक्ष के नाते वह जो कुछ भी आरोप लगाते हैं, उसे चुनाव आयोग हो या और कोई संस्था वह उसे सही मान ले और कहे कि पीएम मोदी ने गलत किया है, पीएम मोदी से गलत कहा है।कानून कायदा विपक्ष को मालूम है तो पीएम मोदी को भी मालूम है और यह भी मालूम है कि वह कभी कुछ गलत करेंगे या कहेंगे तो विपक्ष उसे बड़ा मुद्दा बनाने का प्रयास करेगा। इसलिए वह कुछ भी कहने व करने से पहले सावधान रहते हैं कि उनके किसी काम को विपक्ष गलत न ठहरा सके, उसे गलत न बता सके। विपक्ष पीएम मोदी के खिलाफ कहता तो बहुत कुछ है,आरोप तो लगाता रहता है लेकिन एक भी बार भी वह पीएम मोदी को गलत साबित नहीं कर सका है। पीएम मोदी व राहुल गांधी में यही फर्क है कि राहुल गांधी जब बोलते हैं तो उनको पता नहीं रहता है कि उनके बोलने से उनको,कांग्रेस व विपक्ष को क्या नुकसान होगा लेकिन पीएम मोदी बोलते हैं तो उनको पता रहता है कि वह क्या बोल रहें है,इससे न तो पीएम मोदी,न भाजपा और न ही सरकार को कोई नुकसान होता है।इस बार माकपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है कि पीएम मोदी ने मौजूदा चुनाव अवधि के दौरान दूरदर्शन का इस्तेमाल पक्षपातपूर्ण राजनीतिक भाषण के लिए किया जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। माकपा ने पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की शिकायत की है और कहा है कि ऐसे वक्त में जब तमिलनाडु व पं.बंगाल में आदर्श आचार संहिता लागू है,पीएम का राष्ट्र के नाम संबोधन एक राजनीतिक प्रचार के समान था।इसी तरह कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भी पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को लेकर आरोप लगाया है कि उन्होंने अधिकारिक संबोधन को राजनीतिक भाषण में बदल दिया।उन्होने इसे सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग लोकतंत्र व भारत के संविधान का अपमान बताया है। माकपा व कांग्रेस आरोप लगाते वक्त यह भूल जाते हैं कि चुनाव इस वक्त देश में नहीं हो रहे हैं। चुनाव पांच राज्यों में से तीन में हो चुके हैं और दो राज्यों तमिलनाडु व पं.बंगाल में २३ अप्रैल व २९ अप्रैल को होने हैं और पीएम मोदी ने अपने भाषण में न तो तमिलनाडु का नाम लिया और न पं.बंगाल का नाम लिया। उनकी सरकार ने संसद में देश की महिलाओं को संसद में आरक्षण देने के लिए एक संशोधन विधेयक लाया था और विपक्ष से आग्रह किया था कि यह महिलाओं का हक है, महिलाओं को दिया जाना चाहिए, विपक्ष इसमे सहयोग करके महिलाओं को उनका अधिकार देने वाला बने। यह देश की महिलाओं को उनका हक देने का ऐतिहासिक काम था, यह काम विपक्ष के असहयोग से नहीं हो सका ऐसे में देश की महिलाओं को बताना जरूरी था कि मोदी सरकार उनके लिए क्या करना चाहती और वह ऐसा क्यों नही कर सकी। पीएम मोदी ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में यही किया है। उन्होंने तो यह कहा ही नहीं कि तमिलनाडु व पं. बंगाल की महिलाएं चुनाव में किसी को वोट दें या किसी को वोट न दें। पीएम मोदी ने महिलाओं से माफी मांगी है कि उनको जल्द आरक्षण देना चाहते थे, कांग्रेस व विपक्ष के कारण नहीं दे सके। देश के लिए कोई ऐतिहासिक काम सरकार करती है तो पीएम मोदी देश को संबोधित करते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने देश को संबोधित किया है तो एक ऐतिहासिक अवसर का लाभ न उठा पाने के कारण किया है। विपक्ष चुनाव हारने के डर से चुनाव आयोग व मोदी सरकार पर चुनाव के दौरान ही आरोप लगाने लगता है ताकि वह चुनाव हारने के बाद कह सके कि देखो हम तो पहले से कह रहे थे कि पीएम मोदी व भाजपा चुनाव आयोग,सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर चुनाव जीतते हैं, इस बार भी उन्होंने यही किया है। विपक्षी दल चुनाव आयोग से कुछ भी शिकायत करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि वह उसे गंभीरता से ले वह नहीं लेता है तो चुनाव आयोग सरकार समर्थक हो जाता है।विपक्ष की आदत से देश की जनता वाकिफ है, इसलिए वह विपक्ष के आरोपों को कभी गंभीरता से नहीं लेती है।

विश्व पृथ्वी दिवस विशेष

# सूरज की धरती-छत्तीसगढ़ की शक्ति!

हृदय मोहन

जब भारत का हृदय कहलाने वाले छत्तीसगढ़ में सुबह की पहली किरण जमीन को छूती है, तो वह केवल उजाला नहीं लाती – वह असीमित ऊर्जा का वादा लेकर आती है। आज जब पूरी दुनिया ''पृथ्वी दिवस'' पर यह संकल्प ले रही है कि "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह", तो छत्तीसगढ़ के लिए यह नारा केवल एक वैश्विक संदेश नहीं – यह हमारी अपनी ज़मीन की कहानी है।

छत्तीसगढ़ वह राज्य है जिसकी पहचान दशकों से कोयले और लोहे की खदानों से बनी है। धमतरी की खदानें, कोरबा के ताप बिजलीघर और भिलाई की भट्टियाँ – यही हमारी औद्योगिक पहचान रही है। लेकिन अब समय आ गया है कि हम इस पहचान को नए सिरे से गढ़ें। कोयले की जगह सूरज की रोशनी, धुएँ की जगह स्वच्छ हवा – यही है छत्तीसगढ़ का नया भविष्य।

सूरज की शक्ति – छत्तीसगढ़ का भविष्य

भौगोलिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ एक वरदान प्राप्त भूमि है। राज्य में वार्षिक औसत सौर विकिरण लगभग 5.5 से 6 किलोवाट-घंटा प्रति वर्ग मीटर प्रतिदिन है – जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। बस्तर के पठार से लेकर सरगुजा की पहाड़ियों तक, हर कोने में सूरज की किरणें एक अटूट ऊर्जा स्रोत बनकर उतरती हैं। राज्य सरकार ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है – और इस दिशा में रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में सोलर पार्क तेज़ी से विकसित हो रहे हैं। राज्य का ''सौर सुजला योजना'' इसका जीवंत उदाहरण है। इस योजना के तहत हज़ारों किसानों को सोलर पंप दिए गए हैं, जिससे उनकी सिंचाई लागत शून्य हो गई है। जो किसान कभी बिजली के बिल के बोझ तले दबे थे, वे आज मुफ्त में अपने खेत सींच रहे हैं। यह ''हमारी शक्ति'' का सबसे सरल और सबसे सुंदर उदाहरण है। अकेले सौर ऊर्जा से ही हम आने वाले पाँच सालों में राज्य की 20% बिजली की जरूरत पूरी कर सकते हैं। कल्पना कीजिए – हमारे स्कूलों, अस्पतालों, पंचायत भवनों और घरों की छतों पर लगे सोलर पैनल न सिर्फ बिजली बिल बचाएँगे, बल्कि धरती को भी बचाएँगे। हर गाँव में अपनी सौर ऊर्जा, हर घर में रोशनी, हर खेत में पानी – यही है "हमारी शक्ति" का सच्चा अर्थ। इस सपने को जनआंदोलन बनाने की जरूरत है।

**वन और जल — छत्तीसगढ़ की हरित विरासत-** छत्तीसगढ़ के 44 प्रतिशत भूभाग पर घने वन हैं। ये जंगल केवल प्रकृति की धरोहर नहीं – ये कार्बन सोखने के विशाल कारखाने हैं। बस्तर के साल वन और अचानकमार के जंगल हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड को समाहित करते हैं। इन्हें बचाना भी उतना ही ज़रूरी है जितना सोलर पैनल लगाना। इसके साथ ही हमारे गाँवों में पशुधन है, खेतों में फसल अवशेष




है। धान की भूसी, गोबर और जैव कचरे से बायोगैस और बायो-सीएनजी बनाकर हम ग्रामीण इलाकों में स्वरोजगार भी पैदा कर सकते हैं और स्वच्छ ऊर्जा भी। महानदी, इंद्रावती, हसदेव, अरपा और शिवनाथ – छत्तीसगढ़ की ये नदियाँ लघु जलविद्युत परियोजनाओं की असीम संभावना रखती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों पर छोटी-छोटी जल टर्बाइनें लगाकर गाँव-गाँव को रोशन किया जा सकता है। यह तकनीक न महंगी है, न जटिल – और इसका फायदा सीधे उस आदिवासी किसान को मिलेगा जो आज भी अंधेरे में रातें गुज़ारता है।

**कोयले से सोलर तक — एक ज़रूरी यात्रा-** कोरबा, जहाँ देश के सबसे बड़े ताप बिजलीघर हैं, वहाँ के मज़दूर और उनके परिवार यह सवाल पूछते हैं – "अगर कोयला बंद होगा, तो हमारा क्या होगा?" यह एक न्यायसंगत सवाल है और इसका जवाब देना हम सबकी जिम्मेदारी है। नवीकरणीय ऊर्जा की ओर संक्रमण केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं – यह सामाजिक न्याय का भी मुद्दा है। छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर ''न्यायोचित ऊर्जा परिवर्तन'' की नीति बनानी होगी – जिसमें कोयला खदानों के मज़दूरों को सोलर तकनीशियन बनाने का प्रशिक्षण, नए उद्योगों की स्थापना और उचित मुआवजे की गारंटी शामिल हो। तभी ''हमारी शक्ति, हमारा ग्रह'' का नारा सच्चे अर्थों में सार्थक होगा।

**गाँव-गाँव में ''अपनी बिजली''**-छत्तीसगढ़ के दूरदराज गाँवों में आज भी बिजली की समस्या है। बस्तर और सरगुजा के कई आदिवासी गाँव राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़े नहीं हैं। ऐसे में ''ऑफ-ग्रिड सोलर माइक्रोग्रिड'' एक क्रांतिकारी समाधान हो सकता है। हर गाँव में एक सामुदायिक सोलर संयंत्र – जो उस गाँव की अपनी बिजली कंपनी हो, जिसका मालिक वहाँ का हर परिवार हो। धमतरी ज़िले के कुछ गाँवों में ऐसे प्रयोग सफलतापूर्वक चल रहे हैं। वहाँ की महिला स्वयं सहायता समूहों ने सोलर लैंप बनाने और बेचने का उद्यम शुरू किया है। ये महिलाएँ आज ''सोलर दीदी'' कहलाती हैं – और इनकी कहानी पूरे देश के लिए प्रेरणा है।

**आज का संकल्प — कल की धरोहर**-पृथ्वी दिवस केवल एक तारीख नहीं, एक दर्पण है – जिसमें हम देखते हैं कि हमने अपनी धरती के साथ क्या किया और क्या कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के पास वह सब कुछ है जो एक हरित भविष्य के लिए चाहिए – सूरज की रोशनी, हवा की गति, नदियों की शक्ति और जंगलों की जीवटता। बस ज़रूरत है एक दृढ़ इच्छाशक्ति की। यदि यह प्रदेश ठान ले, तो देश को हरित ऊर्जा का नया रास्ता दिखा सकता है। आइए, इस पृथ्वी दिवस पर हम अपने घर, अपने मोहल्ले, अपने गाँव और अपने राज्य को "ऊर्जा-आत्मनिर्भर" बनाने का संकल्प लें – छत्तीसगढ़ को केवल ऊर्जा उत्पादक राज्य नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा का आदर्श राज्य बनाएँगे। क्योंकि सच यही है – हमारी शक्ति ही हमारी पृथ्वी है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस के लेन-देन में ख्याल रखें, पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख लें। इस राशि की जो महिलाएं उद्योग शुरू करना चाहती हैं उनको परिवार से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुचे इस बात का ख़ास ख्याल रखेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का रुका हुआ काम आज कम्पलीट हो जाएगा, आप काम के नए टारगेट बनायेंगे। होल-सेल का व्यापार कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से बातचीत करेंगे। आज अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाए विनम्रता से समझाएंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। माताएं अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम भी उठा सकती हैं।

कर्क राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। दूर दराज के लोगों से संपर्क बनाकर बिजनेस करना लाभकारी रहेगा, आपके जीवनसाथी का साथ और प्यार आपके दांपत्य जीवन को मजबूत करेगा। इस राशि के जो वकील हैं आज किसी पुराने केस में जीत मिलेगी और साथ ही नया केस भी मिल सकता है। पिछले कई दिनों से रुका हुआ काम आज शुरू करने से आपको सफलता मिलेगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन बढिया रहेगा। इस राशि कि जो लोग संगीत के क्षेत्र में रुझान रखते हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है, फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर भी आ सकता है। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। छात्र आज अपने करियर को लेकर गुरु से परामर्श लेंगे तो समस्या का समाधान हो जाएगा। आज कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक मामलों में आज आपकी सलाह कारगर साबित होगी। आप जिस भी काम को करेंगे वह काम निश्चित रूप से पूरा हो जाएगा। समाज में आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जाएंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अन्य दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका पढ़ाई लिखाई पर ध्यान केंद्रित रहेगा, जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यह यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी, इस यात्रा के दौरान आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिसकी बातों से आपको नई सीख मिलेगी। इस राशि के जो स्टूडेंट हैं उनको एग्जाम से रिलेटेड अच्छा समाचार मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढिया है कहीं घूमने का प्लान बन सकता है।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन मिला–जुला अनुभव देने वाला रहेगा। आपका काम जो बहुत दिन से रुका हुआ था वो आज पूरा हो जाएगा। इस काम में आपको जीवनसाथी का भी सहयोग मिल सकता है। इस राशि के जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ के योग हैं। आज अचानक किसी अतिथि के आने से घर में उल्लास का माहौल बन जायेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आया है। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनको ज्यादा प्रसिद्धि मिलेगी। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में जायेंगे, जहां पर लोगों पर आपकी बातो से अच्छा इंप्रेशन पड़ेगा। आज आप परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने में कामयाब होंगे। आपका सम्मान बढ़ जाएगा। लोगों को तेजी से परखने की क्षमता आपको आने वाली परेशानियों से दूर करेगी।

मकर राशिः आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज रुका पैसा आपको मिल जाएगा। इससे आपको अपने खर्चों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस राशि के जो लोग आर्किटेक के क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन कुछ सीखने का है। आज आपके पास आराम के लिए कम समय रहेगा क्योंकि पहलें के टाले काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

कुम्भ राशिः आज आपका का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप किसी धार्मिक समारोह मे शामिल होंगे, आपके द्वारा समाज में किए गए कार्यों से आपका सम्मान बढ़ेगा इससे आपको गर्व होगा। इस राशि की जो महिलाएं वर्क फ्रॉम होम करना चाहती हैं उनके लिए आज का दिन शुभ है, आपको जल्द ही अच्छा लाभ मिलेगा। आज परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताने से अनुभव होगा की आपके प्रियजनों का आपके प्रति प्यार कितना गहरा है। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। धन लाभ के योग बन सकते हैं।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। आज आप किसी योजनाके बारे में अपने उच्चाधिकारी से बात करेंगे,आपकी जो भी समस्या है उसका सॉल्यूशन मिल जाएगा। आज दोस्तों के साथ अपने रवैए पर कंट्रोल करने की जरूरत है। ऑफिस के किसी काम में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम जल्द पूरा हो जायेगा। छात्र अपने करियर को बेहतर बनाने के लिये किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। साथ ही ऑनलाइन कुछ सुखाने की कोशिश भी करेंगे।

## सू- दोकू क्र.016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.015 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -016

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

विश्व पुस्तक दिवस

# किताबों की बेशकीमती ताकत को पहचानो

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



1995 से हर साल यूनेस्को 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाता है, 100 से ज़्यादा देशों में पढ़ने, प्रकाशन और प्रकाशनाधिकार को बढ़ावा देता है। यह विशेष दिवस हमें पुस्तकों के करीब जाकर उसकी महत्ता को जीवन में उतारने के लक्ष्य को साधने के लिए प्रेरित करता हैं। इस साल 2026 के लिए विश्व पुस्तक दिवस की थीम, "अपनी शैलीनुसार पढ़ें" यह है, जो पढ़ने के शौक को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यह शैली दर्शाती है कि, जिस प्रकार के भी साहित्य में रूचि हो, वह पढ़ें, पढ़ने की आदत डालें। पुस्तकें जीवन का प्रतिबिंब होती है, सच और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए पुस्तकें प्रेरित करती हैं। दुनिया भर के महानतम व्यक्ति अपनी खास उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध हुए। पैसा, शोहरत, नाम, काम और व्यस्तता के बावजूद और हर मिनट के लाखों रुपये कमानेवाले उद्योगपति, खेल जगत के खिलाडी, नेता और फिल्मी नायक भी पुस्तकें पढ़ने के लिए रोजाना अपना कीमती समय थोड़ा ही सही लेकिन निकालते जरूर हैं। क्या हम कभी पुस्तकें खरीदने के लिए आर्थिक समस्या से जूझने पर अपना एक वक्त का भोजन छोड़कर उससे पैसे बचाकर पुस्तकें खरीदने की कोशिश की हैं। विश्व में ज्ञान का प्रतिक कहलानेवाले भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने अपने तंगी के दिनों में पुस्तकें खरीदने के लिए एक वक्त का भोजन तक त्याग दिया था, ताकि ज्ञानरूपी पुस्तकों का तेज आत्मसात कर सकें, ये होता है किताब के प्रति जूनून और किताब की महत्ता की समझ। अधिकतर बड़े-बड़े लोग अक्सर अपने घर में ही पुस्तकों का संग्रह बना लेते है, अर्थात निजी पुस्तकालय के तौर पर। पुस्तकों से बेहतर दुनिया में कोई साथी नहीं होता, पुस्तकें हमेशा हमें योग्य दिशा में चलने के लिए पथ प्रदर्शित करते है, पुस्तकें हमारे खाली समय को ज्ञान से सींचते है, बुद्धि को तिष्ण, जागरूक, समझदार बनाकर सत्य और असत्य के बिच अंतर करना सिखाते हैं। हम पुस्तकों और शिक्षा के बल पर दुनियाभर में हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। विश्व पुस्तक दिवस पढ़ने, किताबें, प्रकाशन, लेखक सम्मान और प्रतिलिप्यधिकार जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता हैं। आधुनिक ज़िंदगी में किताबों की अहमियत आज भी अद्वितीय हैं। किताबें हमें सिखाती हैं, प्रेरित करती हैं, मनोरंजन करती हैं और अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और पीढ़ियों से जोड़ती हैं। किताबों को सभी उम्र के लोगों के लिए ज़्यादा आसान बनाना, विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस का उद्देश्य पढ़ने की आदत को प्रोत्साहन देना, प्रकाशन व साहित्य संस्कृति को आगे बढ़ाना, बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूकता निर्माण करना, साथ ही समाज के प्रत्येक पाठक के लिए पुस्तकों तक सहज उपलब्धता लाना मुख्य उद्देश्य हैं। पुस्तकें कल्पना और सर्जनशीलता विकसित कर भाषा और संवाद कौशल बेहतर बनाती है, संस्कृति और इतिहास का जतन करके अलग-अलग पीढ़ियों के पाठकों को आपस में जोड़ती है, साथ ही शिक्षा और ज़िंदगी भर सीखने में मदद करती हैं। नियमित पाठन से शब्दसंग्रह, एकाग्रता, आत्मविश्वास और विचारशक्ती कौशल बेहतर होती हैं। आज "विश्व किताब दिवस" किताबों की खुशी और ताकत का जश्न मनाने का एक शानदार मौका हैं। पसंदीदा एक नई किताब पढ़कर, पुस्तकालयों को भेट देकर, दोस्तों रिश्तेदारों या परिचितों से किताबों का आदान-प्रदान करके अथवा किसी में पढ़ने की ललक जगाकर यह दिन मनाया जाना चाहिए। अपनी पसंदीदा पुस्तकों के बारे में अन्य लोगों या मित्रों से विचार-विमर्श करना चाहिए, हमें यह पुस्तक क्यों पसंद है एवं अन्य पाठकों को भी यह पुस्तक क्यों पढ़नी चाहिए इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित होकर वह पुस्तक पढ़ने के लिए उत्सुक हों। अच्छी किताबों को हमेशा प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि योग्य किताबें पाठकों तक आसानी से पहुंच सकें, जो मनुष्य किताबों से दोस्ती करता है, उसे सफलता के मार्ग पर अग्रसर होने से कभी कोई रोक नहीं सकता, किताबों में समस्या का समाधान छुपा होता हैं। किताबें कभी कोई शिकायत नहीं करती, वें बस निरंतर ज्ञान की गंगा बहाते चलती हैं। जिसने उसे अपनाया जो सवर गया, जिसने किताबों की महत्ता नहीं समझी वो पिछड़ गया। आज के इंटरनेट के जमाने में पुस्तकों का स्वरूप डिजिटल हुआ है, एक क्लिक पर पुस्तकें हमें सहज उपलब्ध हो जाती है, अर्थात पुस्तकों तक सहज पहुंच होने के बावजूद आज पाठ्य संस्कृति कमजोर होती नजर आती हैं। देश गुणवत्ताहीन डिग्रीधारी युवाओं को बनाने की फैक्ट्री बन गया है, जो साल दर साल बेरोजगारी की बाढ़ लाता हैं। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया की गिरफ्त में फंसती जा रही है, पढाई के नाम पर किताबों के बजाय शॉर्टकट नोट्स पर आधारित रहना पसंद करते हैं। लेकिन ये शॉर्टकट नोट्स विद्यार्थियों को केवल कुछ सवालों के मर्यादित जवाब प्रदान करते है और सिर्फ नाममात्र की पदवी प्राप्त करने में सहयोगी है, परंतु विषय के गहन ज्ञान की बात करे या जीवन के हर पड़ाव पर उस ज्ञान के महत्ता पर बात करे तो यही विद्यार्थी फिसड्डी साबित होते है, क्योंकि युवाओं ने गहन ज्ञान रूपी किताबों की महत्ता को न समझा, न पढ़ा कभी। ऐसे माहौल में जब जीवन की परिस्थितियां असंगत या मुश्किलों का दौर आता है तो मनुष्य डगमगाता है, समस्याओं को आसानी से हल करने के बजाय उससे भागता है, जिसके कारण हताशा, आत्महत्या, अपराध और नशाखोरी की समस्याओं का तेजी से जन्म होता है और जीवन में समस्याओं का अंबार लग जाता हैं। किताबें हर मुश्किल में साथ निभाते है, जिसने इन्हें जान लिया वें फिर किसी समस्या में फसते नहीं है क्योंकि सफलता उनके कदम चूमती हैं। सबसे पहले किताबें पढ़ने की आदत डालें, समय का सदुपयोग करें, ज्ञानी और जागरूक बने एवं जीवनभर किताबों से दोस्ती निभाओं, फिर किताबें हमेशा हमारा साथ निभाएंगे। यह एक सुखी, संतुष्ट और सफल जीवन जीने का बहुत आसान तरीका हैं।



व्यंग्य

# डियर मोमोज

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

उस सफेद, चिपचिपे और रहस्यमयी मैदे के गोले की शारीरिक संरचना किसी दार्शनिक गुत्थी से कम नहीं है। वह मैदा, जिसे डॉक्टर 'आंतों का फेविकोल' कहते हैं, मोमोज वाले के जादुई हाथों में आकर एक ऐसी पारदर्शी और महीन चादर बन जाता है, जिसके आर-पार पत्तागोभी का भविष्य और दुकानदार की नियत साफ नजर आती है। इसकी बनावट ऐसी है मानो किसी ने बहुत ही सलीके से एक 'लजीज अपराध' को सफेद कफन में लपेट दिया हो। ऊपर से वे नन्हीं-नन्हीं बारीक चुन्नटें... जैसे किसी महाकंजूस ने अपनी पूरी वसीयत को मोड़-तरोड़ कर एक छोटी सी पोटली में कैद कर दिया हो।



मोमोज जब स्टीमर के अंधेरे और उमस भरे कमरों से बाहर निकलता है, तो उसकी देह पर चढ़ी वह भाप उसे किसी डिजिटल फिल्टर सा अहसास देती है। वह इतना नाजुक और लचीला होता है कि अगर उसे थोड़ा जोर से घूर भर लिया जाए, तो उसकी 'मैदे वाली खाल' शर्म से फट जाए। उसकी गोलाई में वह वल्गर आकर्षण है, जिसे देखकर डाइट-चार्ट बनाने वाले न्यूट्रिशनिस्ट भी अपनी थ्योरी डस्टबिन में डाल देते हैं। लोग उसे प्लेट में ऐसे निहारते हैं जैसे वह कोई खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि मोक्ष का कोई गुप्त 'शॉर्टकट' हो।

असली पागलपन तो उस लाल चटनी के उस 'अग्निपथ' में है, जो दिखने में किसी खतरे के सिग्नल जैसी है, पर जिसका हमला सीधे नर्वस सिस्टम पर होता है। यह वह चटनी है जिसे बनाने वाला शायद पूरी मानवता से अपनी किसी पुरानी रंजिश का बदला ले रहा होता है। जुबान पर लगते ही ऐसा अहसास होता है मानो किसी ने 440 वोल्ट का नंगा तार छुआ दिया हो। आंखों से जो पानी निकलता है, वह दुख का नहीं, बल्कि उस 'मिर्ची-क्रांति' का गवाह होता है जो भीतर के पूरे भूगोल को हिलाकर रख देती है। लोग सिसकारियां भरते हैं, चेहरा टमाटर की तरह लाल होकर जलने लगता है, पर उस 'अश्लील तीखेपन' से हाथ नहीं खींच पाते। यह वह नशा है जहाँ इंसान खुद जल रहा होता है और साथ में 'एक्स्ट्रा मेयोनीज' की रिश्वत देकर अपनी जलन को शांत करने का ढोंग करता है।

सोसाइटी के उन 'फिटनेस फ्रीक्स' का हाल तो और भी विचित्र है, जो सुबह पार्क में घास पर नंगे पैर चलकर 'शुद्ध जीवन' का प्रवचन देते हैं। वही लोग शाम ढलते ही किसी अंधेरे कोने में मोमोज की रेहड़ी पर 'एक प्लेट और भैया' का गुप्त कीर्तन करते पाए जाते हैं। यह मोमोज का वह उन्माद है जिसने पिज्जा और बर्गर जैसे विदेशी सामंतों की चूलें हिला दी हैं। असल में मोमोज खाना केवल पेट भरना नहीं है, बल्कि यह उस सिस्टम के खिलाफ एक भूमिगत विद्रोह है जो हमें उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। हम सब्जी तो खाते हैं, पर उसे मैदे के तहखाने में कैद करके और लाल चटनी के तेजाब में डुबोकर! उस सफेद गोले के भीतर छिपी हुई वह अधकचरी पत्तागोभी दरअसल हमारे आधुनिक समाज का ही प्रतीक है—बाहर से चिकना, चमकदार और पारदर्शी, मगर अंदर वही घिसी-पिटी और उबली हुई वास्तविकता। लोग इस सादगी के इतने भूखे हैं कि वे उस मैदे की नग्नता को भी 'हॉट एंड सेक्सी' डाइट मानकर गटक जाते हैं और फिर डकार लेकर अपनी नैतिकता के डेटा को रीसेट कर लेते हैं।

### वार्डवासियों का आरोप भेदभावपूर्ण रवैया, मूलभूत सुविधाओं से वंचित; पार्षद ने आरोपों को बताया निराधार

# भाजपा को वोट देना पड़ा महंगा? पार्षद अफरोज बेगम पर गरीब महिला का ठेला तुड़वाने का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,22 अप्रैल।** जगदलपुर नगर निगम के अंतर्गत अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 40 में एक गरीब महिला के साथ कथित अन्याय का मामला सामने आया है। वार्ड की पार्षद अफरोज बेगम पर आरोप है कि उन्होंने एक महिला का फल ठेला हटवाकर तुड़वा दिया, जिससे उसके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड निवासी विजयलक्ष्मी अपने पांच बच्चों और चौकीदार पति के साथ परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एयरपोर्ट क्षेत्र के कुम्हारपारा मड़िया चौक में फल का ठेला लगाकर जीविका चलाती हैं। आरोप है कि पार्षद अफरोज बेगम ने दुर्भावना के चलते उनके ठेले को हटवाकर नुकसान पहुंचाया।पीड़ित महिला का कहना है कि उनका कसूर सिर्फ इतना है कि वे भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करती हैं, जिसके कारण उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि पार्षद द्वारा पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे उनके मकान को रुकवाने के लिए भी शिकायतें की गई थीं। ठेले को तोड़कर नुकसान पहुंचाने के मामले में पीड़िता ने बोधघाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्षद द्वारा वार्डवासियों को परेशान करने के उद्देश्य से कई बार निर्माण सामग्री को लेकर झूठी और बेबुनियाद शिकायतें की जाती हैं। निगम द्वारा की गई जांच में इन शिकायतों का कोई ठोस आधार नहीं मिला।कुछ वार्डवासियों ने तरुण छत्तीसगढ़ के संवाददाता मृण्मय बाराई से बातचीत में बताया कि पार्षद द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं और मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक की एम्बुलेंस की आवाजाही पर भी कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता। उनका कहना है कि एम्बुलेंस आमतौर पर एयरपोर्ट गली स्थित कांच गोदाम के पास खड़ी रहती है, जबकि चंपा बाग गली में देवेंद्र महापात्र के घर के पास उपलब्ध रहती है।वहीं, इस संबंध में पार्षद अफरोज बेगम ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सड़क पर निर्माण सामग्री और ठेला रखे जाने से आवागमन बाधित हो रहा था, जिसके चलते कार्रवाई की गई। उन्होंने ठेले के टूटने की जानकारी से इनकार किया। वार्ड के निवासी गोपाल सरकार ने पार्षद के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे वार्डवासियों से भेदभाव करती हैं और कथित तौर पर कहती हैं कि ÷तुम्हारी गली से कांग्रेस का वोट नहीं मिला, इसलिए कोई सुविधा नहीं दी जाएगी।÷ उन्होंने बताया कि क्षेत्र में वर्षों से नाली की सफाई नहीं हुई है।वार्ड की निवासी श्रीमती घासी ने बताया कि पहले जब वार्ड का नाम घासीदास वार्ड था, तब भी कांग्रेस के पार्षद थे, लेकिन साफ-सफाई और समस्याओं पर ध्यान दिया जाता था। वार्ड परिसीमन के बाद नाम बदलकर अब्दुल कलाम वार्ड होने के बाद वर्तमान पार्षद के कार्यकाल में क्षेत्र का निरीक्षण तक नहीं किया। सड़क जर्जर हो चुकी है, लेकिन निर्माण की मांग पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा।वहीं, वार्ड निवासी श्रीमती सविता ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में पानी की गंभीर समस्या है। आरोप है कि पाइपलाइन से पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं की जाती और समय से पहले पानी बंद कर दिया जाता है। टैंकर की मांग करने पर भी टालमटोल किया जाता है, जिसके कारण उन्हें सुलभ शौचालय से पानी लाकर उपयोग करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर पार्षद का रवैया ठीक नहीं रहता।इस मामले में जब महापौर संजय पांडे से फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। जगदलपुर लौटने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और वार्डवासियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित महिला को न्याय मिल पाता है या नहीं।

## एक नजर

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिया सुशासन तिहार की तैयारियां तेज करने पर जोर



**जगदलपुर, 22 अप्रैल।** कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी सुशासन तिहार को ध्यान में रखते हुए सभी लंबित आवेदनों और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।कलेक्टर ने कहा कि मई माह से शुरू होने वाले सुशासन तिहार से पहले सीएम हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल, जनदर्शन और राजस्व प्रकरणों में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए।

### किसानों व नहर प्रणाली के हित में मैदानी सिंचाई अमला को जनगणना ड्यूटी से मुक्ति की मांग

**रायपुर, 22 अप्रैल।** जल संसाधन विभाग वैसे ही नहर प्रणाली के देखरेख हेतु मैदानी अमला की? कमी से जूझ रहा है उस पर तुर्रा यह कि इस अमले को ग्रामों के निस्तारी प्यास बुझाने नहरों में पानी बहते रहने व आसन्न खरीफ सिंचाई के लिये नहर प्रणाली के साफ - सफाई व? रखरखाव के ऐन वक्त जनगणना ड्यूटी में लगा दिया गया है । रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा ने शासन - प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुये इस अमला को जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने की मांग ज्ञापन सौंप की है ।प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , मुख्य सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से प्रदत्त ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि दो चरणों में पूर्ण किये जाने वाले जनगणना -27 के प्रथम चरण के लिये प्रशिक्षण कार्य शुरू हो गया है जिसमें जल संसाधन विभाग में कार्यरत उप / सहायक यंत्रियों सहित टाइमकीपरों की ड्यूटी लगा दी गयी है और संभावना देर - सबेर अमीनों के भी लगाये जाने ?के प्रति वे आशंकित हैं । फिलहाल ?बांधों से ग्रामों के तालाबों को भरने निस्तारी पानी छोड़े जाने व नहरों , वितरक शाखाओं व? माइनरों में पानी दौड़ने के दौरान इन मैदानी अमलों को प्रशिक्षण ड्यूटी में लगाने से नहर प्रणाली व्यवस्था लड़खड़ा जाने की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुये व आसन्न खरीफ सिंचाई के लिये नहर प्रणाली की साफ - सफाई व रखरखाव की व्यवस्था करने के दृष्टिकोण से इन्हें जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने संवेदनशीलता से विचार करने का आग्रह किया गया है । ज्ञापन में इन मैदानी अमलों की अत्यधिक कमी की ओर भी ध्यानाकृष्ट कराया गया है ।

### उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**महासमुंद 22 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 26 अप्रैल 2026 को महासमुंद जिले में एक पाली में किया जाएगा। परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से 12:15 बजे तक निर्धारित है। जिसमें जिले के 19 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में कुल 4917 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापम द्वारा परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से रखा गया है। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो जाएं, ताकि सत्यापन एवं सुरक्षा जांच की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

## युवाओं ने नगर आगमन पर किया एनएमडीसी के सीएमडी का विरोध



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल, 22 अप्रैल।** किरन्दुल एनएमडीसी परियोजना में स्थानीय युवा साथियों द्वारा एनएमडीसी सीएमडी अमिताव मुखर्जी जी के किरन्दुल-बचेली आगमन पर विरोध प्रदर्शन किया गया ।

युवाओ के मुख्य मांगो में खदान क्र. 13 एवं 04 को तत्काल प्रभाव से निरस्त, खनन सम्बंधित सारे दस्तावेज़ों को सार्वजनिक कर स्थानीय एनसीएल कार्यालय को हटाने की मांग रखी गई । अन्य मांगों में किरन्दुल नगर को धूल मुक्त एवं किरन्दुल-बचेली में शासकीय सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा की मांग रखी। युवाओ ने एनएमडीसी परियोजना किरन्दुल मुख्यालय के सामने सीआईएसएफ गेट के सामने काला पट्टी बांध कर और हांथो में तख्ती लेकर जल-जंगल-ज़मीन बचाओ, खदान क्र.13 एवं 4 को बंद करो एवं किरन्दुल को धूल मुक्त करो जैसे नारे लगाए । पुलिस प्रशासन - एनएमडीसी प्रबंधन एवं सीआईएसएफ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद जब युवाओ को आश्वासन दिया गया कि उनकी मुलाकात एनएमडीसी सीएमडी से करवाई जाएगी तब युवाओ ने अपना शांतिपूर्ण प्रदर्शन को खत्म किया ।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**कांकेर 22 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के 16 जिलों में आयोजित होगी, जिसमें लगभग 02 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। कांकेर जिले में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 11811 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा परीक्षार्थियों के लिए जारी दिशा-निर्देशानुसार उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने की सलाह दी गई है, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा।व्यापमं द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें और कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### गंगामुंडा तालाब के गार्डन में असामाजिक तत्वों ने कुर्सियां,झूले,दुकानों के शटर तोड़े

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 अप्रैल।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जहां एक ओर महापौर और नगर निगम प्रशासन लगातार प्रयासरत हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्व इन प्रयासों पर पानी फेरने में लगे हुए हैं। शहर के गौरव माने जाने वाले की स्थिति एक बार फिर बदहाल होती नजर आ रही है।नगर को स्वच्छता में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक खुद मैदान में उतरकर सफाई अभियान चला रहे हैं। यहां तक कि और महापौर संजय पांडे स्वयं झाड़ू लगाकर और तालाबों में उतरकर मलबा निकालते देखे गए हैं।इसके बावजूद शहर में कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें साफ-सुथरा वातावरण रास नहीं आता। यही कारण है कि ऐतिहासिक और गंगामुंडा तालाब को संवारने की कोशिशों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।तालाबों को बनाया गया था आकर्षण का केंद्र-नगर निगम द्वारा दोनों तालाबों को सुंदर सैरगाह के रूप में विकसित करने के लिए बड़ी राशि खर्च की गई थी। यहां गार्डन, झूले, बैठने की कुर्सियां और फूड स्टॉल्स लगाए गए थे, ताकि शहरवासी परिवार के साथ समय बिता सकें।लेकिन कुछ असामाजिक और नशे के आदी लोगों ने इन सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया। झूले और कुर्सियां तोड़ दी गईं, दुकानों के शटर उखाड़ दिए गए और तालाब में शराब की बोतलें व डिस्पोजल गिलास फेंक दिए गए।

### पानी पिलाने में भी कंजूसी कर गई नगर पालिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 अप्रैल।** कहते हैं प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा पुण्य का कार्य और कुछ नहीं हो सकता। इस वक्त प्रदेश भर में भीषण गर्मी का कहर बरप रहा है। बस्तर अंचल में भी पारा 40 के करीब पहुंच चुका है। भीषण गर्मी में पानी ही इंसान के लिए जीने का सबसे बड़ा सहारा होता है। बिन पानी सब सून है। नगर पालिका का काम नगर के लोगों की प्यास बुझाने की होती है। हर वर्ष गर्मी के सीजन में नगर पालिका द्वारा नगर के प्रमुख चौक चौराहों में ठंडी प्याऊ की व्यवस्था की जाती रही है जिसमें तीन हंडी रखकर उसमें शीतल पयेजल भरकर रखा जाता है ताकि आने जाने वाले राहगिर, कामकाजी मजदूर, चौराहों पर कुछ देर ठहरकर गर्मी में ठंडे पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकें। मगर दुर्भाग्य से इस साल नगर पालिका गर्मी में पानी पिलाने के नाम पर भी कंजूसी कर गई। कलेक्ट्रेड गेट पर, न्यायालय के गेट पर तथा फरसपाल चौक में मात्र तीन स्थानों पर ही प्याऊ की व्यवस्था पालिका ने करवाया है जो नाकाफी है। वहीं गायत्री मंदिर चौक, जय स्तंभ चौक, बस स्टेंड चौक, परदेशी होटल चौक, टेकनार चौक एवं एसबीआई चौक में प्याऊ नहीं रखवाया है जबकि हर वर्ष नगर के इन प्रमुख चौक चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था होती आई है। छोटा सा स्टॉल बनाकर 3 हांडी रखवाने में क्या ही खर्च आ जाता जो पालिका ने इस पर कंजूसी बरत दिया। नगर के बस स्टेंड परिसर में एक भी सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था नगर पालिका की ओर से नहीं किया गया है। बसों में सफर करने वाले यात्रिगण भी दुकानों से बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझाने को मजबुर होते हैं जबकि कहीं भी बस स्टेंड जैसी सार्वजनिक जगहों पर शुद्ध पानी की व्यवस्था आवश्यक रूप से होती है।

नगर पालिका केवल पब्लिक से टैक्स वसूलना भर जानती है मूलभूत सुविधा जिनकी जनता हकदार है वो भी लोगों को उपलब्ध नहीं करवा पा रहे तो इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है। दुर्भाग्य यह भी है कि शहर में एक भी सामाजिक संस्था के द्वारा प्याऊ नहीं लगवाया गया है जबकि दंतेवाड़ा में दर्जनों की संख्या में अलग अलग नामों से एनजीओ संचालित है। जनता की सेवा, क्षेत्र का विकास, आदिवासियों की हितैषी होने का ढोंग करने वाले एनजीओ संस्था गर्मी में एक भी जगह पर प्याऊ नहीं लगवाएं है इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनमानस के कल्याण की कितनी चिंता इनको होगी।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 24 अप्रैल को

**कांकेर, 22 अप्रैल ।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी की अध्यक्षता में जिला पंचायत कांकेर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 24 अप्रैल शुक्रवार को शाम 05 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## महानदी में अवैध रेत उत्खनन से दिखने लगी भिरौद पुल की नींव

■ 50 से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन हो सकता है प्रभावित

■ पहले भी एक पुल अवैध रेत उत्खनन के चलते हो चुका है क्षतिग्रस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा, 22 अप्रैल।** चारामा विकासखण्ड़ से होकर बहने वाली जीवन दायिनी महानदी में लगातार हो रहे रेत के अवैध उत्खनन ने अब खरतनाक रूप ले लिया है। कांकेर जिले के चारामा विकासखण्ड मुख्यालय को नरहरपुर विकासखण्ड़ मुख्यालय एवं क्षेत्र के विभिन्न गांवो से जोडने वाला ग्राम भिरौद महानदी में स्थित एक महत्वपूर्ण पुल की नींव भी रेत के अंधाधुंध अवैध उत्खनन के चलते दिखने लगी है जिससे कभी भी बडे हादसे होने की आशंका से इनकार नही किया जा सकता। भिरौद महानदी में बने इस पुल से प्रतिदिन लगभग 50 से अधिक गांवों के हजारो लोगों का आवागमन होता है तथा पडोसी जिला धमतरी के सीमावर्ती गांवों के लोग भी इसी पुल के भरोसे आना-जाना करते है। ऐसे में इस पुल की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों में भारी चिंता व्याप्त है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दिन व रात के अंधेरे में बडे पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन चैन माउंटिंग मशीनों से किया जाकर हाईवा ट्रकों से पानी टपकाते हुए ओव्हर लोडिंग रेत भरकर परिवहन किया जाता है जिससे क्षेत्र की ग्रामीण सडके भी खराब हो गई है। भारी मशीनों एवं हाईवा ट्रकों के माध्यम से नदी से लगातार रेत निकाली जा रही है जिससे नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड गया है और पुल की नींव कमजोर हो गई है और पुल के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। रेत के अवैध उत्खनन से पुल की नींव तक दिखने लगी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी रेत के अवैध उत्खनन के चलते चारामा विकासखण्ड़ के ग्राम हाराडुला में महानदी स्थित पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है और मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया है जिसके कारण भिरौद महानदी में स्थित पुल पर यातायात का दबाव बढ़ गया है और अब इस क्षेत्र में आवागमन के लिए यही एक मात्र पुल रह गया है जो कि चारामा से नरहरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवो तथा सीमावर्ती धमतरी जिले के गांवो को जोडता है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन के द्वारा रेत के अवैध उत्खनन पर कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया और न ही पुल की मरम्मत ही करवाया गया है और अब फ्रि से वही हालात भिरौद पुल में बनने जा रही है जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढने वाली है इसलिए ग्रामीणों में आक्रोश बढता जा रहा है जो कभी धरना प्रदर्शन अथवा किसी बडे आंदोलन का रूप ले सकता है जिसकी संभावना सें इंकार नही किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही रेत के अवैध उत्खनन पर रोक नही लगाई गई और पुल की मरम्मत नही की गई तो कभी भी बडा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग की है। महानदी में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बन रहा है बल्कि आम लोगो की जान जोखिम में डाल रहा है।

## कलेक्टोरेट में शासकीय कबाड़ की खुली बिक्री तांबा-पीतल समेत कई सामग्री के तय हुए दाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 22 अप्रैल।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित राजस्व विभाग की नाजरात शाखा में जमा अनुपयोगी शासकीय सामग्रियों की अब कबाड़ के रूप में खुले विक्रय की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार विभिन्न धातुओं और अन्य सामग्रियों की दरें तय कर दी गई हैं, जिन पर इच्छुक व्यक्ति खरीदारी कर सकते हैं।

तांबा सबसे महंगा, अन्य धातुओं के भी तय रेट-जारी दर सूची के अनुसार स्क्रैप कॉपर (तांबा) सबसे महंगा है, जिसकी कीमत 246 रुपए प्रति किलो निर्धारित की गई है। इसके अलावा स्क्रैप ब्रॉस (पीतल) 144 रुपए, एल्यूमिनियम 82 रुपए, स्क्रैप आयरन 28 रुपए और जीआई पाइप 25 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध हैं। वहीं कम कीमत वाली श्रेणियों में टीन 15 रुपए, वाहन टायर और पुराने कागज 8 रुपए तथा प्लास्टिक 5 रुपए प्रति किलो तय किए गए हैं।

आवेदन देकर कर सकेंगे खरीदी-इस प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति जिला कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर जिला नाजिर से संपर्क कर सकते हैं। निर्धारित दरों के अनुसार सामग्री का क्रय किया जा सकेगा।खरीदार को उठाना होगा खर्च-कबाड़ सामग्री की नाप-तौल और कागज स्क्रैपिंग मशीन की व्यवस्था खरीदार को स्वयं के खर्च पर करनी होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खरीदी गई सामग्री का उठाव तभी संभव होगा, जब उसकी पूरी राशि शासन के खाते में जमा कर दी जाएगी।

### मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में रेत खदान के लिए ई-नीलामी 9 मई से

**मोहला 22 अप्रैल ।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में साधारण रेत खदान के पट्टा आवंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक निलामी (रिवर्स ऑक्शन) आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) द्वारा छत्तीसगढ़ खनिज विभाग के नियमों के तहत संचालित की जा रही है।जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सेम्हरबांधा के अंतर्गत स्थित धानापायली रेत खदान के लिए एक उत्खनन पट्टा ई-निलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा। यह नीलामी छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम 7 के अंतर्गत की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र बोलीदाता 9 मई 2026 सुबह 10 बजे से 15 मई 2026 शाम 5॰30 बजे तक अपनी तकनीकी और वित्तीय बोली जमा कर सकते हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर भ्रम फैला रही भाजपा:तुलिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 अप्रैल।** संसद के पटल पर महिला आरक्षण संशोधन बिल गिरने के बाद से ही भाजपा मुखर होकर देश भर में कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस के खिलाफ देश भर में धरना, प्रदर्शन, पुतला दहन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के विरोध में अब महिला कांग्रेस भी मैदान में उतर चुकी है। महिला कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते देश की महिलाओं को भ्रमित एवं गुमराह करने का आरोप मढ़ा है। इसी मुद्दे को लेकर दंतेवाड़ा महिला कांग्रेस नेत्रियों ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर महिला आरक्षण के मसले पर भाजपा के नियत पर सवाल खड़े किया है।

मंगलवार दोपहर 1 बजे राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण पर झुठ फैलाकर देश की भोली भाली महिलाओं को गुमराह करने उन्हें भ्रमित करने का काम कर रही है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। सितंबर 2023 में संसद में जब महिला आरक्षण बिल पारित हुआ था तो कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने इस बिल के समर्थन में वोट किया था। देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिले हम इसके पक्ष में सरकार के साथ खड़े थे। अगर कांग्रेस इस बिल के विरोध में होती तो इसे पारित कराने में पार्टी समर्थन क्यों करती? जब सारे दलों के समर्थन से यह बिल पास हुआ था तो इसे लागू क्यों नहीं किया? 2023 से लेकर 2025 तक इस कानुन को क्यों लटकाए रखा? अब जब 2026 में देश में 5 राज्यों में चुनाव है तो इसका राजनीतिक फायदा लेने के लिए इसमें परिसिमन कराने के नाम पर इस बिल को फिर से संसद में लेकर आ गए। जब आपका बिल संसद में गिर जाता है तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस का नाम ले लेकर कोसती है और कहती है कांग्रेस ने इस बिल को समर्थन नहीं किया क्योंकि कांग्रेस महिला आरक्षण बिल की विरोधी है। तुलिका कर्मा ने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसके तात्कालिन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायती राज अधिनियम इस देश में लागू किया था जहां वार्ड पंच, सरपंच से लेकर विधायक एवं संसद तक में महिलाओं को आरक्षण दिया जिसके वजह से आज लोक सभा एवं राज्य सभा में महिलाएं चुनकर आ रही है ये कांग्रेस सरकार की वजह से हो पाया है और ये हमको महिला विरोधी होने की बात कहते हैं इनको अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए कि इन्होने आज तक महिलाओं के लिए क्या किया है। महिला कांगेस ने भाजपा पर आरोप मढते कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तब से ओबीसी वर्ग, एसटी, एससी वर्ग अथवा अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को जो लाभ मिलना था वो उससे वंचित हुए हें। भाजपा केवल चुनाव के दौरान ही महिलाओं के हितैषी होने का ढोंग करती है। आज देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार है। देश में 12 वर्षो से भाजपा की सरकार है और ये भाजपा के लोग महिलाओं को उनका हक दिलाने की बात कहते हैं तो इन्हें बताना चाहिए कि मणिपुर में हमारी एक बेटी के साथ जिस तरह का बर्बरता पूर्ण व्यवहार हुआ क्या उसके लिए आज तक प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ने मणिपुर की जनता एवं देश की जनता से माफी मांगी है, नहीं मांगी है तो फिर आज ये किस मुंह से महिलाओं के अधिकार की बात करते हैं। इस तरह से अनेकों राज्यों में जहां जहां भी भाजपा की सरकार है वहां महिलाओं के अस्मिता के साथ खिलवाड़ हुआ है। भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के साथ छेड़छाड, ब्लात्कार, अपहरण, सैक्सूअल हरासमेंट, जैसी तमाम घटनाएं सामने आती रही हैं भाजपा के राज में महिलाएं असुरक्षित हुई हैं। आज देश में महिला सुरक्षा कानुन कहां है कोई भाजपाई हमें बताए। भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर कोई बड़ा पॉलिटिकल खेल करने जा रही थी जिसे कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने रोका है। हमने ऐसा कर देश एवं संविधान को बचाने का काम किया है जिसका कांग्रेस पार्टी को गर्व है।महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने प्रेसवार्ता के दौरान अपनी बात रखते कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को लेकर इतने ही निष्पक्ष थे तो उन्होने 2011 की जनगणना को आधार बनाकर क्यों इस बिल को लाया और परिसिमन को मुद्दा क्यों बनाया? हम तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने पर सहमत थे समर्थन भी कर चुके थे 2023 में। भाजपा महिलाओं की आड़ में जो खेल खेलना चाह रही थी उसे कांग्रेगस ने पहचान लिया था इसीलिए हमने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक बिल पर संसद में समर्थन नहीं किया। आरक्षण देना ही है तो 543 सीटों पर ही आरक्षण दिजिए ना महिलाओं को कौन रोका है।

# पैरी घूम्मर बांध में जानलेवा स्टंट, सुरक्षा व्यवस्था नदारद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम,22 अप्रैल। जिले के पैरी घूम्मर बांध में इन दिनों सैलानियों की भीड़ बढ़ने के साथ खतरनाक स्टंट का सिलसिला भी तेज हो गया है। गर्मी से राहत पाने पहुंचे युवक ऊंची दीवारों और चट्टानों पर चढ़कर गहरे पानी में छलांग लगा रहे हैं। इन स्टंट के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें करीब 20 फीट की ऊंचाई से पानी में कूदते युवा साफ देखे जा सकते हैं।

चिंता की बात यह है कि जहां ये स्टंट किए जा रहे हैं, वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नजर नहीं आते। न चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, न खतरनाक स्थानों की पहचान की गई है, न फेंसिंग की व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार का लाइफ गार्ड या कर्मचारी तैनात है। पानी के भीतर पत्थर या अचानक बदलती गहराई जैसी स्थितियां कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती हैं।

गर्मी की छुट्टियों की शुरुआत के साथ ही यहां पर्यटकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष इस तरह की लापरवाही देखने को मिलती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

बांध की सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी जल संसाधन विभाग की है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब हर साल यहां भीड़ उमड़ती है और स्टंटबाजी आम बात है, तो विभाग द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

# 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों का करें निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 22 अप्रैल। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान बताया कि राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजन की शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण तथा सुगम, पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। गत वर्ष इस अभियान के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए शासन ने इसे फिर से संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि जिले में 30 अप्रैल 2026 तक लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष फोकस किया जाएगा, जिसमें भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे विषय शामिल हैं। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 1 मई से 10 जून 2026 के मध्य ग्रामीण क्षेत्रों में 15-20 ग्राम पंचायतों के समूह स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देना भी अनिवार्य होगा। अभियान के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होंगे। साथ ही जिले में संचालित विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर आमजन से फीडबैक लिया जाएगा। जिला मुख्यालय में समीक्षा बैठकों के माध्यम से शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

## एक नजर

### पीएम इंटर्नशिप के लिए आईटीआई में 24 को पंजीयन शिविर का आयोजन

रायगढ़, 22 अप्रैल। पीएम इंटर्नशिप 3.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा नवरत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड में विभिन्न तकनीकी पदों पर इंटर्नशिप के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। चयनित उम्मीदवारों को 9000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इस इंटर्नशिप के अंतर्गत फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, रिंग सहित कई पदों पर अवसर उपलब्ध हैं। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, डिग्री या आईटीआई उत्तीर्ण किया है, आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी भी इसके लिए पात्र हैं।आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में 24 अप्रैल 2026 तक विशेष पंजीयन एवं करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी इस शिविर में उपस्थित होकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं और वहीं पर अपना पंजीयन भी करा सकते हैं।

### रोजगार मेला का आयोजन 24 अप्रैल को

रायगढ़, 22 अप्रैल। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ में 24 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में भाग लेने के लिए आवेदकों का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य है।

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।रोजगार मेले में प्रमुख कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। मे. जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कुशालपुर, आईसीएच बिल्डिंग रायपुर में टेक्नीशियन के 500 पद, मे. चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड, रायगढ़ में स्वतंत्र फील्ड ऑफिसर के 20 पद तथा मे. नेक्विन टेकलेब्स, कबीर चौक रायगढ़ में आईटी ऑफिसर के 2 पद रिक्त हैं।उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे अपने शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य कृषि विपणन (मंडी) अंतर्गत उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

धमतरी, 22 अप्रैल। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आगामी 26 अप्रैल को छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) अंतर्गत उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि धमतरी जिले के 41 केन्द्रों में सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक यह परीक्षा आोजित की जाएगी।

अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में समय पर पहुंचने कहा गया है।

### डूबने से मृत्यु,आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर, 22 अप्रैल। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम पड़गाव निवासी 35 वर्षीय इसरो पुड़ों की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित तुलसिंह पुड़ों के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

# स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम लोगों तक समय पर व प्रभावी ढंग से पहुंचे:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 22 अप्रैल। जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए, साथ ही सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए।

समीक्षा बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख कार्यक्रमों पर विशेष फोकस रहा। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव सेवाएं तथा शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पूर्ण टीकाकरण की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के सभी पात्र बच्चों का निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही छूटे हुए हितग्राहियों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), चिरायु योजना और एनीमिया मुक्त भारत अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच सके। इसके अलावा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण, सिकल सेल नियंत्रण, अंधत्व निवारण, एनसीडी कार्यक्रम, टेली कंसल्टेशन सेवाएं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में उपलब्धि सुनिश्चित की जाए और जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन हो। स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए, गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन हो और कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए गति बढ़ाई जाए। कलेक्टर ने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सीधे तौर पर आमजन के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयास करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा सहित जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### भारत मुक्ति संयुक्त मोर्चा का आंदोलन सफल :टिकेश्वर साहू

अंबरी, 22 अप्रैल। छत्तीसगढ़ ओबीसी संयोजन समिति ने जाहिर समर्थन देकर प्रदेश भर से करीब 500 पदाधिकारी और समर्थक इस आंदोलन में साथ सहभाग किए। बता दे की राजधानी रायपुर के तूता माना धरना स्थल पर भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद राष्ट्रीय गुरु घासीदास सतनाम क्रांति मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के सात ज्वलंत मुद्दों को लेकर महा आंदोलन किया गया जिसमें दिल्ली से राष्ट्रीय नेतृत्व वामन मेश्राम साहब, अनिल माने ,चौधरी विकास पटेल साहब उपस्थित हुए। टिकेश्वर साहू ने बताया की छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार ने जो धर्म स्वतंत्र कानून पास किए हैं।

# व्यापम मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा अब सुबह 10 बजे से होगी

रायगढ़, 22 अप्रैल। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के लिए महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए परीक्षा समय में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित समय 11 बजे के स्थान पर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 12:15 बजे तक संचालित की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित समय और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

व्यापम द्वारा यह परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। हालांकि परीक्षा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, लेकिन इसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने और अभ्यर्थियों तक आवश्यक जानकारी समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि फिस्किंग (सुरक्षा जांच) और फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यह भी निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, जिससे परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की भ्रम या असुविधा की स्थिति न बने। परीक्षा के दौरान ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के लिए निर्धारित समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के संचार या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। अभ्यर्थियों को केवल चप्पल पहनकर आने तथा काले या नीले बॉल पेन साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें, समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें और शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा में शामिल हों।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 60 आवेदन मिले

महासमुंद 21 अप्रैल। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए।जनदर्शन में सरायडीह महासमुंद निवासी श्री समुन्द बघेल ने क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह झलप निवासी श्री मनीराम बरिहा ने खाता विभाजन हेतु, बेरेकेल पिरदा निवासी श्री जयप्रकाश बघेल ने नया विद्युत मीटर कनेक्शन के लिए, ठूठापाली भंवरपुर निवासी श्री कांता प्रसाद दीवान ने भंवरपुर में आधार नामांकन संचालन के लिए एवं पोटापारा पिथौरा निवासी श्री सेवक राम साहू ने ऑनलाइन नक्शा में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिए। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, पीएम आवास, अवैध अतिक्रमण, सीमांकन, लम्बित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा, श्री रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला मुख्यालय में संचालित विकास कार्यों का विधायक एवं कलेक्टर ने किया निरीक्षण



कांकेर 22 अप्रैल। जिला मुख्यालय कांकेर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का विधायक श्री आशाराम नेताम और कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर ने जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी और नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक के साथ औचक निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कांकेर के अलबेलापारा तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसके तहत तालाब में रिटर्निंग वॉल, स्लोप रिपेयरिंग, पाथवे, रेलिंग, टॉयलेट सहित सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में उनके द्वारा संबंधित ठेकेदार को सभी कार्यों को तेजी से करने के लिए निर्देशित किया गया। तालाब मेड़ के नीचे से 300 मीटर सड़क निर्माण करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित वार्ड पार्षद श्रीमती उमेश्वरी उईके भी मौजूद थीं।

विधायक श्री नेताम एवं कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने घड़ी चौक का भी निरीक्षण किया, यहां पर सौंदर्यीकरण के साथ चौपाटी भी बनाया जाएगा, इसके लिए बाजू में स्थित जर्जर भवन को तोड़ने के निर्देश दिए गए। घड़ी चौक निरीक्षण के पश्चात उनके द्वारा मुख्य मार्ग से पंडरीपानी तक सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया और सड़क किनारे पाईप लाईन बिछाने का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के लिए पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने अन्नपूर्णापारा में दूधनदी पर पुल बनाने के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया तथा पुल निर्माण के लिए स्टीमेट बनाने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस पुल के निर्माण हो जाने से शहर में यातायात का दबाव कम होगा, आवागमन अन्नपूर्णापारा से होते हुए जिला पंचायत की ओर से होगा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय भवन के पीछे स्थित मैदान का भी अवलोकन किया। तत्पश्चात मस्जिद चौक में दूध नदी पर निर्मित रिटर्निंग वॉल का भी अवलोकन किया। इस रिटर्निंग वॉल के किनारे से होते हुए भंडारीपारा-मनकेशरी नेशनल हाईवे बाईपास तक सड़क बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को दिए गए। विधायक श्री नेताम और कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने अधिकारियों के साथ जिला अस्पताल परिसर एवं नवनिर्मित ट्रामा यूनिट का भी निरीक्षण किया एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अस्पताल अधीक्षक को दिए गए। ट्रामा यूनिट में आंतरिक वायरिंग करने और ट्रामा यूनिट के पीछे परिसर में शेड बनाने तथा चिकित्सालय में सभी ओपीडी को एक साथ करने और दवाई वितरण के लिए पृथक से कक्ष तैयार करने कहा गया, ताकि मरीजों को आसानी हो सके। उनके द्वारा इंडोर स्टेडियम के अलावा साप्ताहिक बाजार में निर्माणाधीन डोम का भी निरीक्षण किया गया।

# लू के लक्षण एवं बचाव की स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 22 अप्रैल। जिले में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने लू के लक्षण, बचाव और प्राथमिक उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी जारी करते हुए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में लू का प्रभाव गंभीर हो सकता है, इसलिए सभी लोग आवश्यक एहतियात अपनाएं। घर से बाहर निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के, सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर को ढंककर रखें तथा छतरी, टोपी या कपड़े का उपयोग करें। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने दें और नियमित रूप से पानी, छाछ, ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करते रहें।

लू के लक्षण पहचानें, तुरंत करें प्राथमिक उपचार और लें चिकित्सकीय सलाह

स्वास्थ्य विभाग ने लू के प्रमुख लक्षणों में सिरदर्द, तेज बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना, बेहोशी, कमजोरी, शरीर में ऐंठन और नब्ज का असामान्य होना बताया है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सतर्क हो जाना जरूरी है। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर लिटाएं, उसके कपड़े ढीले करें और ठंडे पानी की पट्टियां रखें, ताकि शरीर का तापमान कम किया जा सके। साथ ही उसे तरल पदार्थ जैसे पानी, ओआरएस घोल या कच्चे आम का पना पिलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि धूप में खाली पेट न निकलें, ज्यादा मिर्च-मसाले या बासी भोजन से परहेज करें और कूलर या एसी से निकलकर अचानक तेज धूप में जाने से बचें। यदि स्थिति गंभीर हो तो प्रभावित व्यक्ति को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि लापरवाही न बरतें और लू से बचाव के उपायों का पालन कर सुरक्षित रहें।

### दिव्यांगों के सहायक उपकरण के लिए शिविर 24 से

महासमुन्द 22 अप्रैल। जिले में दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ;एआईसीएलद्ध के निगमित सामाजिक दायित्व योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ;एलिम्कोद्ध जबलपुर द्वारा परीक्षण्ण मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विभिन्न विकासखंडों में आयोजित होंगे। जिसका समय प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अप्रैल को सरायपाली विकासखण्ड्ड 27 अप्रैल को बसनाए 28 अप्रैल को पिथौराए 29 अप्रैल को बागबाहरा तथा 30 अप्रैल को महासमुन्द के जनपद पंचायत मुख्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए चयनित किया जाएगा। शिविर की नोडल प्रभारी श्रीमती सुनीता तिर्कीए परिवीक्षा अधिकारी रहेंगी।शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक दस्तावेजों में यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य दिव्यांग प्रमाण पत्रए आय प्रमाण पत्र मासिक आय 22.500 रुपये से कम होना चाहिए।

# फुटहामुड़ा नहर परियोजना से बदलेगी कुकरेल क्षेत्र की सिंचाई तस्वीर:कलेक्टर

धमतरी, 22 अप्रैल। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को फुटहामुड़ा नहर से प्रभावित ग्राम माकरदोना, मोहलई, पथर्रीडीह, छुही एवं साल्हेभाट के कृषकों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान लाभान्वित कृषक भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना पूर्ण होने पर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा प्रभावित कृषकों के लंबित मुआवजा प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन श्री हेमलाल कुरेशिया, ने जानकारी दी कि नगरी विकासखण्ड में सिलयारी डायवर्सन वियर एवं फुटहामुड़ा नहर निर्माण हेतु प्रारंभिक स्वीकृति 17.56 करोड़ रुपये की थी, जिसे विभिन्न कारणों से संशोधित करते हुए वर्तमान में 73.94 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है। परियोजना से 1940 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी, जिससे कुकरेल क्षेत्र के 22 ग्राम सीधे लाभान्वित होंगे।उन्होंने बताया कि मुख्य नहर की कुल लंबाई 19.74 किलोमीटर तथा लघु नहरों की लंबाई 18.61 किलोमीटर है। वर्तमान में नहर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें 750 मीटर से 9330 मीटर तक के हिस्से में लगभग 20 प्रतिशत तथा 9330 मीटर से 19740 मीटर तक के हिस्से में लगभग 15 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न संरचनाओं का निर्माण एवं नहर लाइनिंग कार्य निर्धारित समय-सीमा 4 मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाएगा।बैठक में कृषकों ने मुआवजा भुगतान में विलंब, भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याएं एवं निर्माण कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों को प्रमुखता से रखा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी मुद्दों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों के हितों की रक्षा करते हुए परियोजना को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के कृषि विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के माध्यम से किसानों को स्थायी लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता के साथ कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# वन क्षेत्र की 94 हेक्टेयर भूमि से अवैध कब्जे हटाए, 52 गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

महासमुंद 22 अप्रैल। वनमंत्री श्री केदार कश्यप की मंशानुसार वन क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध संचालित अभियान के अंतर्गत 20 अप्रैल को वनमंडल महासमुंद के बागबहरा परिक्षेत्र अंतर्गत आमाकोनी सर्किल, तमोरा बीट के कक्ष क्रमांक 95 एवं 96 (आरक्षित वन) में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई।



जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम तमोरा के कुछ व्यक्तियों द्वारा लगभग 94 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण करते हुए हरे-भरे एवं मूल्यवान वृक्षों की अवैध कटाई की गई तथा कृषि प्रयोजन हेतु भूमि पर अनधिकृत कब्जा स्थापित करने के उद्देश्य से व्यापक खुदाई/जुताई की गई थी। साथ ही, वनभूमि की सीमा निर्धारण हेतु स्थापित सीमेंट-कांक्रीट निर्मित मुनारों (सीमा चिन्हों) को तोड़ा/क्षतिग्रस्त किया गया। इन अवैध गतिविधियों के परिणामस्वरूप मूल्यवान वृक्ष प्रजातियों एवं औषधीय जड़ी-बूटियों को भारी क्षति पहुँची है, जो कि पूर्णतः विधि-विरुद्ध एवं दंडनीय अपराध है।उक्त प्रकरण में संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26(1)(च), 26(1)(ज) तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3(1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई। कुल 52 आरोपियों जिसमें 12 महिला एवं 40 पुरुष को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय महासमुंद में प्रस्तुत किया गया, जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया।मुख्य वन संरक्षक श्री मणिवासगण एवं वनमंडलाधिकारी श्री मयंक पांडेय ने कहा है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अथवा अवैध गतिविधि किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में भी कार्यवाही की जा चुकी है, किंतु उनके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। ये मूलतः ओडिशा के निवासी हैं, जो विगत कुछ वर्षों से ग्राम तमोरा में निवासरत हैं। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी इनका विरोध किया जाता रहा है, किंतु इनके आक्रामक एवं आपराधिक व्यवहार के कारण क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ था। आरोपियों द्वारा कई बार वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार, अश्लील गाली-गलौज एवं धमकी भी दी गई है।उक्त कार्यवाही हेतु उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद श्री गोविंद सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी श्री लोकनाथ ध्रुव एवं रेंजर श्री नवीन वर्मा द्वारा पूर्व से ही सुनियोजित रणनीति तैयार की गई थी।

# निराकरण नहीं किया गया तो मुरमुंदा चौक पर करेंगे चक्काजाम

## ग्राम कुरुभांठ में नवीन सोसायटी प्रारंभ करने के विरोध में किसान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 22 अप्रैल।** शासन-प्रशासन द्वारा ग्राम कुरूभांठ में नई सोसायटी प्रारंभ करने के आदेश के विरोध में बधियाटोला, रामनगर और छिरपानी के दर्जनों किसान मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंच ग्राम कुरूभांठ में प्रस्तावित नई सोसायटी में धान नहीं बेचने का निर्णय करते हुए मुड़पार सोसायटी को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ एसडीएम एम.भार्गव को ज्ञापन सौंपते हुए इस विषय पर गंभीरता से विचार विमर्श कर पांच दिनों के भीतर निराकरण निकाले जाने की अपील की गई वहीं निराकरण नहीं निकाले जाने की स्थिति में छठवें दिन 27 अप्रैल को मुड़पार रोड के मुरमुंदा चौक पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी गई है। किसानों ने बताया कि इस विषय के निराकरण के लिए वे पूर्व में बढ़ियाटोला-मुरमुंदा मार्ग पर दो बार शांतिपूर्वक चक्काजाम कर चुके हैं तथा कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर पूर्व में भी इस विषय को लेकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पार्षद मेनका रोजेश कंडरा, पार्षद राजेन्द्र कुमार सेन, पार्षद भूपेन्द्र कुमार मरकाम के द्वारा बधियाटोला, रामनगर, छीरपानी के किसानों के लिए मुड़पार को सोसायटी यथावत रखे जाने की अनुशंसा पत्र के माध्यम से जिला कलेक्टर, उप आयुक्त सहकारिता विभाग, उप पंजीयक कार्यालय, एसडीएम डोंगरगढ़ को ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तुत किया जा चुका है। उसके बाद भी निराकरण नहीं निकाला गया जिससे किसानों में आक्रोश है और वे अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हुए आंदोलन की राह पर चलने के लिए मजबूर हैं। ज्ञापन सौंपते वक्त किसानों में दशरथ ठाकुर, शंकर राम चंद्रवंशी, प्रमोद लाउत्रे, सोमेश्वर सिन्हा, अमरचंद निषाद, अर्जुन बांधे, प्रकाश सेन सहित बधियाटोला रामनगर छिरपानी के अन्य किसान मौजूद रहे।

# नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भारती से की मुलाकात





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 22 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिया के मार्गदर्शन एवं भाजपा राजनांदगांव जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुशंसा से जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर व महामंत्री की घोषणा की गई जिसमें भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत सहित महामंत्री हिमांशु सेन व शुभम अग्रवाल को दायित्व सोपा गया है इसी प्रकार जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जयंत साहू वसोशल मीडिया प्रभारी अलंकृत शर्मा, जिला कन्या शक्ति संयोजीका शिवांगी साखरे और शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल सोमांशु गजेंद्र और ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष झूलेंद्र वर्मा और महामंत्री महेंद्र त्रिपाठी, हितेश्वर वर्मा को बनाया गया है। मंगलवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयो ने स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में दर्शन करके आशीर्वाद लिया।

तत्पश्चात सभी ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती से मुलाकात की और भाजपा पार्टी कार्यों के विषय में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्याय उमा महेश वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव कैलाश सोनवानी वीरेंद्र सोनी पार्षद रेखा राघवते बबीता मलागार शारदा यादव राजेश कंडरा अमन ब्रिज नामदेव अनीता इंदुरकर नम्रता चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### नवनियुक्त बीजेपी पदाधिकारियों का भाकिमो ने किया स्वागत



**डोंगरगढ़, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी शहर किसान मोर्चा डोंगरगढ़ द्वारा नवनियुक्त जिला महिला मोर्चा मंत्री, शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं शहर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला एवं पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी को शुभकामनाएं दीं। इस गरिमामय कार्यक्रम में डोंगरगढ़ भाजपा शहर मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रामकुमार डड़सेना के नेतृत्व में महामंत्री अजय शर्मा, महामंत्री अजय दुबे, मंजीत ठाकुर, डॉ राजेश राघोरते, गिरेन्द्र साहू, सतीश यादव, शेखर विश्वकर्मा, रामस्वरूप पटेल, योगेश सिन्हा, श्याम आशरे ठाकुर, पुष्प कुमार यादव, युवराज टेलकर, नरेंद्र लाऊत्रे, गौरव विजयवार, दिलीप सिन्हा, सिद्धार्थ नामदेव, लाला बहेकर, कमलेश सिन्हा, लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय, मुकेश शर्मा एवं शिवम पटेल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन के प्रति समर्पण एवं एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

### पीएम किसान सम्मान निधि व खाद-बीज के लिए एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषकों के लिए संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं को कुशलतापूर्वक पहुंचाने हेतु कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु पूर्व में पंजीकृत एवं नये जुड़ने वाले किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल अंतर्गत फार्मर आईडी अनिवार्य है। इसके अभाव में किसान आगामी किस्त से वंचित हो सकते हैं। साथ ही साथ ही इस वर्ष नई व्यवस्था के तहत् खाद खरीदते समय किसानों को पी.ओ.एस. मशीन पर फार्मर आईडी दर्ज करनी होगी। फार्मर आईडी में जमीन की सारे विवरण दर्ज होंगे तथा इसी आधार पर उर्वरक मिलेगा। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में कृषि भूमि स्वामी होने सम्बंधित दस्तावेज (बी-1 / ऋण पुस्तिका), आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है।

# निगम की सामान्य सभा में सभी सातों विषयों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से किया निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक आज पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम के सभागृह में प्रारंभ हुई। बैठक में 7 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया।

बैठक निर्धारित समय में राष्ट्रगीत एवं राजगीत के साथ प्रारंभ हुई तत्पश्चात 1 घण्टे का प्रश्नकाल हुआ, प्रश्नकाल के पश्चात क्रमानुसार विषर्यो पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक के प्रारंभ में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एंव अनुमोदन विषय सहित जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने, तथा वार्ड नं. 14 स्थित रानी अवंती बाई लोधी प्रतिमा स्थल के चौक का नामकरण अवंती बाई चौक रखे जाने संबंधी विषय पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से विषय पारित किया गया।

इसी प्रकार विषय क्रं. 4 में निगम सीमाक्षेत्र स्थित जीर्ण शीर्ण भवन को तोडने के तहत पुत्री शाला भवन के क्षतिग्रस्त स्थल, गुडाखूलाईन आयुर्वेदिक औषधालय एवं पुराना बस स्टैण्ड के पुराना व क्षतिग्रस्त/जर्जर भाग को तोडकर व्यावसायिक परिसार निर्माण किये जाने के साथ साथ वार्ड नं. 29 रामनगर के जर्जर भवन को तोडने तथा निगम स्वामित्व की टाउन हॉल परिसर



जी.ई.रोड के किनारे एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड की क्षतिग्रस्त दुकाने तोडकर व्यावसायिक परिसर निर्माण करने के संबंध में चर्चा उपरांत उपरोक्त विषय सर्वसम्मति से पारित किया गया।

साथ ही दर स्वीकृति संबंधित तीनो विषय क्रमंशः नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत 2000 सीटर आडिटोरियम निर्माण के लिए प्राप्त न्युनतम दर, गंज चौक से कन्हारपुरी परिवर्तित स्थल चिखली ओव्हर ब्रिज के नीचे से गठुला नाला शहर सीमा तक सड़क चौडीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु आहुत निविदा मे प्राप्त न्युनतम दर के अलावा अंतिम विषय में अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत नार कन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण करने आहुत निविदा में प्राप्त न्युनतम दर की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से विषय पारित किया गया।

सभी विषयो में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, महापौर मधुसूदन यादव ने अंत में सदस्यो द्वारा चर्चा उपरांत ली गयी जानकारी का जवाब प्रस्तुत किया। निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिं पारस वर्मा सहित वरिष्ठ सभापति खेमीन यादव तथा कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल ने सभा का सफल संचालन किया। बैठक में नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल का महापौर मधुसूदन यादव, नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले तथा आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक के अंत में राष्ट्रगान के पश्चात पार्षदों के दिवंगत परिजनो में पार्षद कमलेश बंधे के स्वर्गवासी भाई अमित बंधे को तथा रवि सिन्हा के स्वर्गवासी पुत्र प्रियश सिन्हा को दो मिनट की मौन श्रद्धांजली दी गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदो के अलावा अधिकारी कर्मचारी एंव पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# इंटीग्रेटेड लैंडस्केप लेवल प्लानिंग के लिए अंतर विभागीय समन्वय बैठक

## अभिसरण एवं अंतर विभागीय समन्वय आधारित योजना पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर की अध्यक्षता में सोमवार को वनमण्डल कार्यालय, बलौदाबाजार में प्राकृतिक संसाधनों का इंटीग्रेटेड लैंडस्केप लेवल प्लानिंग हेतु अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सीएसआर संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय विकास, आजीविका संवर्धन तथा संसाधनों के समन्वित उपयोग पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा कार्यों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें मानव वन्यजीव द्वंद्व प्रबंधन हेतु हल्दी, सरसों, मधुमक्खी पालन जैसे संभावनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र (चङ्कच) द्वारा पारंपरिक पौधों की पहचान एवं संरक्षण से संबंधित पहल प्रस्तुत की गई, जिस पर आगे कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन किए जाने पर सहमति बनी।

वनांचल क्षेत्र में आजीविका संवर्धन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन, लाख उत्पादन एवं अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जोड़ने तथा किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। विभागों के मध्य डेटा एकीकरण एवं जिला स्तर पर अभिसरण सेल के गठन के माध्यम से समन्वित कार्यप्रणाली विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त बंद खदान क्षेत्रों के उपयोग, जल संरक्षण, ग्रीन बेल्ट विकास एवं वृक्षारोपण कार्यों में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया गया। इन क्षेत्रों को भविष्य में पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।



# व्यापम क़ी परीक्षाएं अब प्रातः 10 बजे से, दिशा-निर्देश जारी

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के लिये समय प्रातः 10 से 12:15बजे तक निर्धारित किया गया है। आगामी 26 अप्रैल 2026 को व्यापम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 में भी यही समय लागू होगा।

जारी दिशा निर्देश अनुसार परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो।परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके।अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जायेगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना होगा, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन का ही उपयोग करना है।

# समृध्दि अस्पताल में करंट लगने से युवक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 22 अप्रैल।** सिमगा के समृद्धि अस्पताल में एक हादसे में कार्यरत 27 वर्षीय युवक का करंट लगने से देहांत हो गया जानकारी के अनुसार युवक पौंसरी गांव का रहवासी बताया गया। इसके परिवार में पहले ही इसके पिता व बड़े भाई का देवहास हो चूका हैं युवक का नाम संजू बार्लो है उसे सभी प्यार से बूटी कहा करते थे संजु अपने दिनचर्या के हिसाब से कार्य करने गया था तभी बिजली बोर्ड में तार लगाते समय करंट लगने से तत्काल देहांत हो गया।

लेब टेक्नेसियन से मिली जानकारी के अनुसार ये घटना लगभग सुबह 10. 30 से 11 बजे के बिच की हैं जब लेब टेक्नेसियन रौशन साहू, संजू बारले ( बूटी ) को जमीन पर गिरा देखा और इस घटना की जनकारी पुरे अस्पताल के स्टाप को जनकारी दी।

सहकर्मिओ द्वारा संजू बारले को मोके से उठाकर अस्पताल के बेड पे लिटाया गया और इस घटना




में संजू मृत पाया गया और इस घटना की जानकारी संजू के परिजनों को काफी देर से मिली इससे परिजन व मिलने वालों में आक्रोश के चलते मौके पर करंट लगने से मृतक के हाथ में पर से करंट लगने का निशान मिला मृतक के जाने के बाद उसके परिवार में उसकी बहन और माँ दो लोग बचे हैं।

परिजनों के आक्रोश को बढ़ता देख एसडीएम अतुल शेठे एसडीओपी तारेश साहू व तहसीलदार अनुराग भट्ट मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया जांच में सामने आया कि यह त्रुटि की वजह से जो संजू की मृत्यु हुई सिमगा के समृद्धि अस्पताल की इसमें गलती है।


**न्यायालय तहसीलदार लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202604094500010 -अ/6 (अ)- वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मोहन पिता रामभरोसा जाति लोधी निवासी ग्राम उरईडबरी तहसील डोंगरगढ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम उरईडबरी पटवारी हल्का नं. 16 रा.नि.मं. लालबहादुर नगर तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 11/6 रकबा 0.105 हेक्टेयर भूमि आवेदक के ऋण पुस्तिका में दर्ज है। उक्त भूमि आन लाईन रिकार्ड निकाला गया जो उक्त भूमि योगेश कुमार पिता उमराव जाति लोधी के नाम पर बता रहा है। उक्त भूमि का आन लाईन रिकार्ड दुरूस्त करने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-1, ऋण पुस्तिका, की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.04.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604092200008**
**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**
**बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ (हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- दीप्ति,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीप्ति आ. पी. वेकटेशन जाति ब्राम्हण निवासी मिसिया बाड़ा वार्ड नम्बर 09 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं दीप्ति आ. पी. वेकटेशन का जन्म दिनांक 16/10/1984 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604092200007**
**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**
**बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ (हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- पी. किर्ती,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पी. किर्ती आ. पी. वेकटेशन जाति ब्राम्हण निवासी मिसिया बाड़ा वार्ड नम्बर 09 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं पी. किर्ती आ. पी. वेकटेशन का जन्म दिनांक 07/08/1987 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

**ऑनलाईन चतुर्थबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 436**

**क्रमांक 2048/निविदा/ ग्रा.यां. सेवा/2026** **रायपुर, दिनांक 17/04/2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द'एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 27/04/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 30.00 lakh) at Sub Division **Arang Zone-B** Distt.- Raipur (C.G.) | **35.00** | **26300** | **1500** |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20/04/2026 से देखी जा सकती है।

**टीपः-** मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 29/04/2026 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,**
**संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

**जी-262700292/4**



## समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने कहा

# सामुदायिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने करें कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा क़ी बैठक में विभागीय कार्यों क़ी समीक्षा क़ी। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सामुदायिक स्थान जैसे तालाब, डबरी, खेल मैदान पर अतिक्रमण नहीं होने देने एवं जहां अतिक्रमण है उसे हटाने कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिले में कुछ दिनों से बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए हीटवेव के कारण पीड़ितों के उपचार हेतु सभी अस्पतालों में बुनियादी दवाई एवं अन्य सुविधाओं क़ी आवश्यक उपलब्धता के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमएचओ को अस्पतालों में व्यवस्था दुरुस्त रखने बीएमओ एवं अन्य अधिकारियों क़ी



बैठक लेकर समीक्षा करने निर्देशित किया। इसीतरह ग्रीष्म ऋतु में पेय पदार्थो सहित अन्य खाद्य पदार्थो क़ी गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी को लगातार जांच अभियान चलाने और कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजस्व सहित सभी विभागों में लंबित आवेदनों का निराकरण 30 अप्रैल तक पुरा करने कहा। जन समस्या निवारण शिविर के दौरान ग्राम सभी पंचायततों में योजनाओं का संतृप्तिकरण, सभी हैंडपम्प को कार्यशील करना तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर -जल को भी कार्यशील करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सभी घरो में जल संचयन हेतु संरचना निर्माण पुरा कराने कहा।

कलेक्टर ने राजस्व सम्बंधित प्रकरणों के लंबित आवेदनों क़ी समीक्षा करते हुए कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का कार्ययोजना बनाकर एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार निराकरण कराएं। उन्होंने सड़क दुर्घना के प्रकरणों का संवेदनशीलतापूर्वक तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संसाधन विभाग द्वारा नहर से तालाबों में पानी भरने के कार्य में तेजी लाते हुए भरने के लिये शेष तालाबों में 30 अप्रैल तक पुरा कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनगणना के तहत सभी अधिकारियो को ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म भरने कहा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, ए आर टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसीलदार जनपद सीईओ, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# तीन महीने नहीं मिलेगी सरकारी कर्मियों को छुट्टी

**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी लेना मुश्किल होगा। सरकार ने इसके लिए नया और सख्त नियम बना दिया है। तर्क है कि आगामी तीन महीनों के लिए सुशासन तिहार और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण काम होने वाले हैं। ऐसे में छुट्टियों को कसावट रहेगी। फिलहाल यह नियम तीन महीने के लिए लागू होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया है।

**बिना मंजूरी गायब हुए तो करियर खत्म :** महानदी भवन से जारी आदेश के मुताबिक, अब बिना लिखित मंजूरी के ऑफिस से नदारद रहना सेल्फगोल साबित होगा। सरकार ने साफकह दिया है कि बिना पूर्व स्वीकृति के छुट्टी पर जाना स्वैच्छिक अनुपस्थिति मानी जाएगी। इतना ही नं, इसे सेवा नियमों के तहत ब्रेक इन सर्विस के तौर पर देखा जाएगा। आसान भाषा में समझ लीजिए कि सीनियरिटी और पेंशन पर तलवार लटक सकती है।

**क्यों आई ये नौबत:** सरकार का तर्क है कि आगामी तीन महीनों में सुशासन तिहार और जनगणना जैसे बड़े और महत्वपूर्ण काम होने हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नहीं चाहते कि इन मिशन-मोड प्रोजेक्ट्स में कोई भी छुट्टी रोड़ा अटकाए। इसीलिए अगले 90 दिनों के लिए प्रदेश के तमाम विभागों, कलेक्टोरेट और राजस्व मंडलों के लिए यह इमरजेंसी जैसे हालात वाला आदेश लागू कर दिया गया है।

**पहले 1 महीने के लिए था आदेश:** बता दें कि जनगणना को देखते हुए पहले 1 महीने के लिए शासकीय छुट्टियों पर पहरा लगाया गया था। अति आवश्यक और वाजिब कारण से ही छुट्टियां दी जानी थी। वह भी कलेक्टर या विभाग प्रमुख के आदेश के बाद। लेकिन अब नए आदेश के तहत यह समय सीमा 3 महीने की कर दी गई है।

**विपश्यना के 12 दिन:** बता दे कि हाल ही सरकार ने अधिकारियों के काम को दबाव को देखते हुए साल में 12 दिन के लिए अतिरिक्त अवकाश की घोषणा की थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद यह आदेश जारी कर दिया गया है। अब कर्मचारी पूछ रहे हैं कि ऐसे आदेश से कर्मचारियों में दबाव नहीं आएगा?

**निर्देश बिल्कुल स्पष्ट है:** सामान्य प्रशासन विभाग की उप सचिव अंशिका ऋषि पांडेय के डिजिटल हस्ताक्षर से निकले इस आदेश ने यह तो साफ कर दिया है कि छत्तीसगढ़ शासन अब योजनाओं के लिए सख्त है।



### आदेश की तीन बड़ी बातें

**कैजुअल लीव -** अब अचानक तबीयत खराब होने या इमरजेंसी पड़ने पर भी आपको चुपचाप घर नहीं बैठना है। फोन या डिजिटल माध्यम से सूचना देना अनिवार्य होगा और ऑफिस आते ही उसकी लिखित पुष्टि करनी होगी।

**प्रभार का पेंच-** अगर लंबी छुट्टी मंजूर हो भी गई, तो जब तक आप अपने काम की फाइलें और जिम्मेदारी किसी दूसरे को सौंप नहीं देते तब तक आप ऑफिस नहीं छोड़ सकते।

**कड़ाई से पालन-** आदेश की आखिरी लाइन में स्पष्ट लिखा है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यानी अब ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है।

# ढाई साल में बढ़ी बेरोजगारी दर: सुशील

**रायपुर, 22 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ढाई साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत था। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुआ है। आज बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत है। ढाई साल में बीएड शिक्षक, अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीपा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया, ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही है।



## किसानों से खाद छीनने का षड्यंत्र बेनकाब : कांग्रेस

**रायपुर, 22 अप्रैल।** खाद्य वितरण के लिए फार्मर आईडी के अनिवार्यता को किसान विरोधी षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जिस तरह से छत्तीसगढ़ के 9 लाख से अधिक किसानों को एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन रोक कर समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित किया था इस तरह से अब उन किसानों को खाद से भी वंचित करने का तुगलक की फरमान जारी किया गया है। सरकार के इस निर्णय से न सिर्फ यूरिया डीएपी एनपीके और पोटाश जैसे खाद मिलने में दिक्कत होगी बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ और सब्सिडी से भी किसान वंचित कर दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सरकारी समिति में कुल 40 लाख 89 हजार 908 किसान पंजीकृत शेयर होल्डर हैं, फार्मर आईडी बनाने के लिए एग्री स्टेक परियोजना में अब तक मात्र 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का सत्यापन हुआ है इस प्रकार से लगभग 21 प्रतिशत किसान पंजीयन से वंचित हैं।



## एक नजर

### एलजी ने प्रधानमंत्री कार्यालय भवन में एचवीएसी समाधान स्थापित किए

**रायपुर, 22 अप्रैल।** भारत के सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (एलजीई इंडिया) ने आज हाल ही में उद्घाटित प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में अपने उन्नत एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) समाधानों की सफल स्थापना की घोषणा की। एलजीई इंडिया ने 1, 590 हॉर्सपावर की कुल क्षमता वाला एक वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ) एयर-कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित किया है, जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। इस प्रणाली की आपूर्ति एलजीई इंडिया के पुणे विनिर्माण संयंत्र से की गई है, जो भारत की मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस परियोजना पर बात करते हुए, एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर, हांग जू जियोन ने कहा, एलजीई इंडिया को प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में योगदान देने पर गर्व है। चूंकि भारत बुनियादी ढांचे के विकास के एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है, इसलिए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल जलवायु नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है।

### प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त : कन्हैया

**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने रायपुर सहित पूरे प्रदेश में चरमराई सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार की प्रशासनिक विफलता पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है जब प्रदेश के मुख्य भंडारण केंद्रों में ही राशन उपलब्ध नहीं है, जिससे हजारों गरीब परिवार दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं। खोखली साबित हुई 3 महीने के राशन की घोषणा। कन्हैया अग्रवाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने वाहवाही लूटने के लिए तीन महीने का राशन एक साथ देने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कर दीं, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके उलट है। उन्होंने कहा? शासन और प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण आज रायपुर की राशन दुकानों से चावल, शक्कर, नमक और मिट्टी तेल गायब है। एक तरफसरकार राशन उपलब्ध नहीं करा पा रही है, तो दूसरी तरफदुकानदारों पर रोज नए फरमान थोपे जा रहे हैं।

### निधन

#### श्रीमती लता देवी

**रायपुर, 22 अप्रैल।** नईदुनिया की पत्रकार लक्ष्मी कुमार की माता जी लता देवी (70 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज कोटा मुक्तिधाम किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू, भूपेश जांगड़े सहित सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# विभागीय जांच में लापरवाही पर सरकार सख्त

## अब मामला निपटाने 6 महीने की डेडलाइन

**रायपुर, 22 अप्रैल।** शिक्षा विभाग में चल रही विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई में हो रही देरी को लेकर सरकार अब सख्त हो गई है। लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से जारी ताजा निर्देश में साफकहा गया है कि अब जांच प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। डीपीआई ने पाया है कि विभागीय जांच से जुड़े कई प्रस्ताव अधूरे और नियमों के विपरीत भेजे जा रहे हैं। इसमें आरोपों का स्पष्ट विवरण, साक्ष्य और गवाहों की सूची तक शामिल नहीं होती। इस वजह से न सिर्फफैसला लेने में देरी हो रही है। बल्कि कई मामलों में दोषी कर्मचारियों को इसका फायदा भी मिल रहा है। संचालनालय ने यह भी कहा कि इन गलतियों के कारण कई कर्मचारी मामलों को अदालत में चुनौती दे रहे हैं जिससे निपटारा और लंबा खिंच रहा है।

**जांच के लिए डेडलाइन :** नए निर्देश के तहत अब विभागीय जांच को तय समय में पूरा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आदेश में साफ लिखा है कि जो आदेश मेजर पेनाल्टी वाले हैं उनकी जांच छह महीने में पूरी करनी होगी। वहीं माइनर पेनाल्टी वाले मामलों को छह महीने में निपटाना होगा। इससे साफहै कि डीपीआई अब लंबित मामलों को तेजी से खत्म करना चाहता है। डीपीआई ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 'छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम का सख्ती से पालन करें।

अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव में आरोप पत्र, आरोपों का विवरण, साक्ष्य सूची और गवाहों की सूची स्पष्ट रूप से शामिल करना अनिवार्य किया गया है। यदि कोई कर्मचारी सुनवाई में उपस्थित नहीं होता है तो उसकी अनुपस्थिति दर्ज कर उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी ताकि मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

**स्पष्ट अभिमत के साथ भेजना होगा प्रस्ताव :** संचालनालय ने निर्देश दिया है कि शासन या डीपीआई स्तर पर भेजे जाने वाले हर प्रस्ताव में डीटेल रिपोर्ट, संबंधित दस्तावेज और स्पष्ट अभिमत होना चाहिए। अगर मामला जिला या संभाग स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है, तो वहीं पर कार्रवाई कर उसकी जानकारी संचालनालय को देना जरूरी होगा। शासन या संचालनालय से प्राप्त शिकायतों पर भी निर्धारित समय-सीमा में जांच कर स्पष्ट अनुशंसा के साथ रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

**निलंबन और जांच प्रस्ताव के लिए जरूरी दस्तावेज :** डीपीआई ने साफकिया है कि निलंबन या विभागीय जांच के प्रस्ताव के साथ सभी जरूरी दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसमें शामिल हैं।

### वित्तीय अनियमितता के मामलों में सख्ती

वित्तीय गड़बड़ी या गबन के मामलों में डीपीआई ने विशेष सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। ऐसे मामलों में सभी प्रमाणिक दस्तावेजों की स्पष्ट प्रतियां भेजना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया न जाए और सभी पहलुओं का गंभीरता से परीक्षण कर ही प्रस्ताव भेजा जाए। जिस कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित है उसका पूरा सेवा विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रस्ताव के साथ देना होगा। इससे जांच प्रक्रिया को स्पष्ट और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

### जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर घमासान

छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग में एक तरफ प्रशासनिक सख्ती बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई में हो रही देरी को लेकर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। दूसरी तरफबिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निजी स्कूलों की किताब, कॉपी और यूनिफॉर्म को लेकर देर से जारी आदेश पर पालकों में नाराजगी देखी जा रही है।

# करेंसी टावर की लिफ्ट में अब कांग्रेस नेता फंसा

## गार्ड ने किसी तरह निकाला बाहर, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**रायपुर, 22 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित करेंसी टावर में लिफ्ट से जुड़ी लापरवाही का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। आईएएस ऋचा शर्मा के लिफ्ट में फंसने की घटना के बाद अब कांग्रेस प्रवक्ता नितिन भंसाली भी इसी तरह की स्थिति का शिकार हो गए।

जानकारी के मुताबिक, नितिन भंसाली बुधवार को करेंसी टावर पहुंचे थे, जहां वे भी कुछ समय के लिए लिफ्ट में फंस गए। इस दौरान लिफ्ट का सपोर्ट सिस्टम काम नहीं कर रहा था। मदद के लिए कोई व्यवस्था न होने पर उन्होंने लिफ्ट का दरवाजा पीटना शुरू किया। आवाज सुनकर मौके पर मौजूद गार्ड ने किसी तरह दरवाजा खोलकर उन्हें बाहर निकाला।

**850 दुकानें, 4 में से सिर्फ 2 लिफ्ट है ठीक, 2 बंद:** इस घटना के बाद पूरे कॉम्प्लेक्स की लिफ्ट व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस बड़े कॉम्प्लेक्स में करीब 850 दुकानें और ऑफिस संचालित हैं, लेकिन यहां केवल 4 लिफ्ट हैं। उनमें से भी केवल 2 ही किसी तरह संचालित हो रही हैं, जबकि बाकी लिफ्ट बंद पड़ी हैं। जो लिफ्ट चालू हैं, वे भी बार-बार खराब हो जाती हैं, जिससे लोगों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। लिफ्ट की सीमित उपलब्धता के कारण लोगों की लंबी कतारें लगती हैं और कई बार काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। स्थिति यह है कि रोजाना अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है।

**सुरक्षा सिस्टम भी फेल:** सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिफ्ट के अंदर न तो कोई हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित है और न ही इमरजेंसी सपोर्ट सिस्टम सही ढंग से काम कर रहा है। ऐसे में लिफ्ट फंसने की स्थिति में लोगों को खुद ही किसी तरह बाहर निकलने की कोशिश करनी पड़ती है।

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं या फिर यह लापरवाही यूं ही जारी रहेगी।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब करेंसी टावर में लिफ्ट फंसी हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे ऋचा शर्मा करीब 10 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रहीं। उस दौरान लिफ्ट के भीतर न पर्याप्त रोशनी थी और न ही हवा की समुचित व्यवस्था, जिससे उन्हें घबराहट का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोला गया।

## अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम पर कार्यशाला 23 को

**रायपुर, 22 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि 23 अप्रैल को कैट एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्निशमन के निर्देशक एवं आपातकालीन सेवाएं तथ एस.डी.आर.एफ चन्द्रमोहन सिंह जी (भा.पु.से.) रहेगे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि चंद्रमोहन सिंह (भा.पु.से.) निर्देशक, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफछत्तीसगढ़, अनिमा एस कुजूर, संभागीय सेनानी एवं नोडल अधिकारी एसडीआरएफ रायपुर संभाग रायपुर छत्तीसगढ़, पुष्पराज सिंह, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना रायपुर छत्तीसगढ़, लिलेश्वर सिंह राजपूत, निरीक्षक, स्टेशन प्रभारी, अग्निशामन केंद्र टिकरापारा रायपुर छत्तीसगढ़, के द्वारा कार्यशाला में अग्निशमन दुर्घटना में जनजागरण सुरक्षा संबधी जानकारी का प्रदर्शन करके दिखाया जायेगा।

### PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 22 अप्रैल।** महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर देश को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए आज कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ अंबेडकर चौक पर प्रदर्शन किया।

## समाजसेवी सुनील शर्मा का सम्मान

**रायपुर, 22 अप्रैल।** सेंट पॉल्स कैथेड्रल में रविवार को समाजसेवी सुनील शर्मा का सम्मान किया गया। शर्मा हर वर्ष क्रिसमस पर निकलने वाली सर्वधर्म सदभावना रैली में सहयोग करते हैं। वे एंबुलेंस की व्यवस्था करते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। पास्ट्रेट कोर्ट की तरफ उन्हें स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही पादरी असीम प्रकाश विक्रम को भी स्मृति चिन्ह देकर आत्मिक सेवकाई के लिए धन्यवादी मन प्रगट किया गया है। इस अवसर पर पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य अजय मसीह, चर्च सचिव रूचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, पास्ट्रेट कमेटी मेंबर प्रवीण जेम्स समेत धर्मगुरु और कलीसिया के के सदस्य शामिल हुए।

# ललिता प्रेमाम्बा महारानी के आगमन पर शोभायात्रा निकाली गई

**रायपुर, 22 अप्रैल।** राजधानी के डूमरतराई स्थित पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का 21 वां पाटोत्सव महोत्सव 23 अप्रैल को मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा पाटोत्सव के पूर्व 19 अप्रैल से प्रारंभ चल समारोह में राजधानी के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। यतिप्रवर दण्डी स्वामी इंसुभवा नंद महाराज प्रमुख रूप से शामिल थे। आदि शंकराचार्य एवं ब्रह्मलीन धर्म सम्राट ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से 20 वर्ष पूर्ण पूर्ण होने पर भगवती राज राजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का रायपुर नगर में प्रथम आगमन पर भक्तों में उत्साह और भक्ति देखते ही बन रहा है। परम पूज्य 108 यति प्रवर दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ जी महाराज प्रमुख जगतगुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के नेतृत्व में भक्तों का समूह नाचते गाते बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए सर्वप्रथम भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी तात्यापारा में भक्त भूपेंद्र शर्मा के निवास स्थान पर विराजमान रही।



# महादेवघाट में महिला की लाश मिली



**रायपुर, 22 अप्रैल।** रायपुरा महादेवघाट में खारुन नदी के तट पर एक अज्ञात महिला की डेथ-बॉडी मिली हैं। मृत महिला सर पर चोट के निशान दिखाई दे रहा है जिससे आंशका जताई जा रही हैं कि महिला के सर पर भारी चीज से हमला किया गया है और अपराध छुपाने के लिए शव को यहां फेंक दिया गया है। पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का। पुलिस मौके पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया साथ ही पुलिस आसपास के लोगों से मृतका के पहचान करने की कोशिश कर रही हैं। डीडी नगर थाना प्रभारी ने बताया कि फ़िलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का पता चल पाएगा।

**बयानबाजी** भाजपा नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर किया पलटवार

# खड़गे को संन्यास लेकर माला जपना चाहिए : अजय चंद्राकर

**रायपुर, 22 अप्रैल।** भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने खड़गे के बयान का पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस आतंकवादियों के निकट संपर्क में है. पूर्व पीएम मनमोहन सिंह आतंकवादियों के साथ डिनर करते थे. विधायक चंद्राकर ने तंज करते हुए नसीहत दी कि खड़गे की जीभ और दिमाग नियंत्रण में नहीं है, उन्हें संन्यास लेकर माला जपना चाहिए.



छत्तीसगढ़ के बस्तर में आज पहली बार भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के दौरे को लेकर अजय चंद्राकर का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि भारत रत्न सचिन तेंदुलकर का छत्तीसगढ़ में स्वागत है. किसी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे उसका संदेश जाएगा ही. जिस क्षेत्र में वो जा रहे हैं, उसे बहुआयामी बनाए का सरकार प्रयास कर रही है.

छत्तीसगढ़ विधानसभा में जल्द ही विशेष सत्र की चर्चा है, जिसमें राज्य सरकार निंदा प्रस्ताव लाने जा रही है. महिला आरक्षण कानून और डीलिमिटेशन से जुड़े 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक के पारित न होने के विरोध में यह प्रस्ताव लाया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने विशेष सत्र को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसपर विधायक चंद्राकर ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन जारी होने के बाद स्पष्ट होगा कि सत्र क्यों हो रहा है. नेता प्रतिपक्ष का जवाब देंगे. उन्हें विधि विधाई प्रक्रिया का ज्ञान नहीं है. कांग्रेस में यदि कोई ज्ञानी हो तो वह उनसे जानकारी ले.

## खरगे का बयान कांग्रेस की गिरती हुई राजनीतिक सोच : किरण देव

**रायपुर, 22 अप्रैल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, जिनके नेतृत्व में कश्मीर से आतंकवाद खत्म होने के कगार पर है, साथ ही देश से नक्सलवाद समाप्त हुआ है। जिन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उसे देश का अभिन्न अंग बनाया और वहा शांति एवं विकास का नया दौर शुरू हुआ, ऐसे प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना देश की गरिमा पर सीधा आघात है। परिवारवाद, घमंड और तुष्टिकरण की सोच से ग्रसित कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहकर 140 करोड़ देशवासियों के साथ देश के सर्वोच्च पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई। यह आलोचना नहीं, बल्कि ऐसी भाषा है जो सीधे-सीधे राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिया गया यह बयान कांग्रेस की गिरती हुई राजनीतिक सोच और उसकी हताशा को उजागर करता है। जब-जब कांग्रेस तथ्यों, विकास और जनहित के मुद्दों पर जवाब देने में असफल होती है, तब वह इस तरह की निम्नस्तरीय भाषा का सहारा लेकर अपनी विफलताओं को छिपाने की कोशिश करती है। यह न तो स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है और न ही जिम्मेदार विपक्ष की।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26